www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, बुधवार 25 मई 2022, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-42 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

मनुष्य को हमेशा मौका नही ढूंढना चाहिये, क्योंकि जो आज है वही सबसे अच्छा मौका है।

आज बेबाक

हमारे देश में राजनीतिक दलों का दलदल बनता जा रहा है। कुकुरमुत्तों की तरह राजनीतिक पार्टियां उगती जा रही है। जिनकी गिनती मुश्किल है। यह पता लगाना और भी मुश्किल है कि इन राजनीतिक पार्टियों में कौन किसकी बी टीम है? ओवैसी की पार्टी को कांग्रेस और भाजपा एक दूसरे की बी टीम बनाते है। वहीं ओवैसी दोनों को ही गरियाते है और यह आरोप लगाते है कि भाजपा और कांग्रेस नहीं चाहती कि देश में कोई तीसरी पार्टी उभरे। बकौल अरविंद केजरीवाल सब आपस में मिले हुए है जी। समझाना मुश्किल है कि कौन है सच्चा कौन है झूठा।

सूर्योदय

उदय : 5.27 प्रात:

अस्त : 7.12 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,949,173,390

भारत: 1,406,168,140

बाजार

सेंसेक्स : 54052.61

निफ्टी: 16125.20

गोल्ड : 52,090 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.66 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	38.2	25.6
बिलासपुर	37.4	24.2
जगदलपुर	39.3	24.7
अंबिकापुर	34.0	21.4

आज का दिवस

अंतर्राष्ट्रीय गुमशुदा बाल दिवस : हर साल 25 मई को विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय गुमशुदा बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उन गुमशुदा बच्चों के लिए मनाया जाता है जो किसी तरह अपने घर पहुंच चुके है, उन लोगों को याद रखने के लिए जो अपराध के शिकार हैं, और उन लोगों की तलाश करने के प्रयास जारी रखने के लिए जो अभी भी लापता हैं। 25 मई को अब व्यापक रूप से मिसिंग चिल्ड्रन्स डे प्रतीक के रूप में जाना जाता है। इस दिन को मनाए जाने की घोषणा वर्ष 1983 में अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा की गई थी।

दंतेवाड़ा में उत्सव सा माहौल, चुनरी अर्पित करने सीएम के साथ आया शहर का पूरा नागरिक समूह

दंतेश्वरी मंदिर में सीएम ने की 11 किमी लंबी चुनरी अर्पित

दंतेवाड़ा की बहनों का दर्ज हुआ विश्व रिकार्ड में नाम

नवप्रदेश/संवाददाता

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी का दर्शन कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें ग्यारह किमी लंबी चुनरी ओढ़ाई और इस तरह से दंतेवाड़ा की डेनेक्स की बहनों का नाम विश्व रिकार्ड में दर्ज हो गया। इससे पहले नर्मदा मैया को मंदसौर में 8 किमी लंबी चुनरी ओढ़ाई गई थी। डेनेक्स की 300 महिलाओं ने केवल 7 दिनों में अपने हुनर से यह कार्य कर लिया। जब मुख्यमंत्री अपने हाथों से चुनरी अर्पित करने पहुंचे तो पूरे दंतेवाड़ा शहर में उत्सव सा माहौल था। पूरा शहर इस सुंदर दृश्य को देखने उमड़ आया था। ग्यारह किमी लंबी इस चुनरी के साथ मुख्यमंत्री के नेतृत्व में नागरिकों के गहरे उत्साह की जो झलक मिल रही थी। वो अपने आप में अद्भुत है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मावली माता और भैरव जी के दर्शन भी किये। इस दौरान मंदिर परिसर में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की सुमधुर ध्वनि से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया था। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि डेनेक्स की महिलाओं ने जो चुनरी बनाई है उससे उनके हुनर को पूरे देश में जगह मिलेगी और इससे उनके काम की ख्याति दुनिया भर में फैलेगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि हम प्रदेशवासी बहुत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बड़े किलेपाल में मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं

- किलेपाल बास्तानार ब्लाक में राजस्व बंदोबस्त त्रुटि सुधार कलेक्टर करेंगे
- परलमेटा से बांडापारा किलेपाल तक डामर सड़क
- हायर सेकेंडरी स्कूल बड़े किलेपाल के लिए नए भवन की घोषणा
- ग्राम अल्वा डोंगरापारा में स्टाप डैम
- कोंदलूर से दरभा मुख्यालय तक 6 किमी डामर सड़क की घोषणा
- बास्तानार में जिला सहकारी बैंक की नवीन शाखा खोलने की घोषणा

कुम्हारों को मिलेगा बड़ा अवसर

ग्लेजिंग यूनिट के माध्यम से आर्थिक आय बढ़ाने और अपने हुनर को निखारकर बाजार तक पहुंचने की दिशा में दंतेवाड़ा जिले के कुम्हारों को बड़ी मदद मिलेगी। यह बात कुम्हाररास में ग्लेजिंग यूनिट के लोकार्पण के मौके पर सीएम ने कही। उन्होंने पूरे परिसर का अवलोकन किया। यहां ग्लेजिंग यूनिट के लिए स्थापित की गई मशीनों को देखा और यहां कुम्हारों द्वारा उत्पादित किये गये उत्पादों का डिस्प्ले भी देखा। कुम्हारों ने उन्हें अपने हाथों से बनी गजराज की प्रतिमा भी भेंट की। चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी लोककला में बड़ी संभावनाएं हैं और इनके पूर्ण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बच्चों संग सीएम की सेल्फी

बड़े किलेपाल में आयोजित भेंट मुलाकात कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों ने पेंसिल से बनायी हुई मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनकी माता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वन धन योजना शुरू होने से मिला रोजगार

बड़े किलेपाल की अंजना बघेल ने मुख्यमंत्री से कहा कि वन धन योजना शुरू होने से सभी को रोजगार मिल रहा है। वन समितियों की मदद से बेरोजगार अब आय अर्जित करने लगे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कका, काकी के लिए बिंदी लेते जाइए...

सीएम भूपेश बड़े किलेपाल में लगे हाट बाजार में जब पहुंचे तो वहां चूड़ी बिंदी की दुकान लगाने वाले बसंत राय ने आवाज लगाकर मुख्यमंत्री को रोक लिया..बसंत ने आवाज दी...कका, काकी के लिए बिंदी लेते जाइए। इतना सुनकर मुख्यमंत्री मुस्कुरा दिए और रुककर अपनी धर्मपत्नी के लिए बिंदी, मेहंदी खरीदी।

मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा में ली समीक्षा बैठक

सीएम ने समीक्षा बैठक में कहा कि अब दंतेवाड़ा जिले के लोगों के जीवन में परिवर्तन महसूस हो रहा है। लोग शांति की ओर लौट रहे हैं। व्यक्तिमूलक कार्यों और योजनाओ से यह सब संभव हुआ है। प्रशासन गांव-गांव तक पहुंच रहा है। शासन की योजनाएं अंदरूनी इलाकों तक पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या केवल पुलिस की समस्या नहीं है। इसे खत्म करने के लिए हम सबको समन्वित प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासियों के बीच शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ रहा है। हमें गांव को यूनिट मानकर युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बस-ट्रक की टक्कर में आठ की मौत

हुबली (वार्ता)। कर्नाटक के धारवाड़ जिले के हुबली शहर से कुछ दूर पुणे-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में महाराष्ट्र के कोल्हापुर से तालुक्क रखने वाले आठ यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि तरिहाल और गब्बूर के बीच बाईपास सेक्शन में एक निजी बस और एक ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर होने से छह लोगों की मौके पर और दो की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। हुबली-धारवाड़ निगम विभाग के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गोपाल बयाकोड के अनुसार, कोल्हापुर से बैंगलोर जा रही बस और गब्बूर से महाराष्ट्र की तरफ रवाना हुए ट्रक के बीच टक्कर होने से दोनों वाहन चालकों की मौके पर ही मौत हो गई।

रूस पर बोले बिना यूक्रेन पर बहुत कुछ कह गए मोदी

■ क्वाड समिट में दुनिया को दिया संदेश

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में क्वाड लीडर्स समिट में रूस का तो नाम नहीं लिया लेकिन यूक्रेन पर अपनी बात रखी। पीएम मोदी ने दुनिया के सभी शीर्ष नेताओं के समक्ष शत्रुता समाप्त करने की बात कही। उन्होंने एक बार फिर कहा कि संवाद और कूटनीति के जरिए ही युद्ध समाप्त किया जा सकता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में रूस का जिक्र नहीं किया लेकिन यूक्रेन पर बात करते हुए दुनिया को बड़ा संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष के बीच कूटनीति पथ के लिए खड़ा है, क्योंकि दुनिया जानती है कि इस युद्ध ने दोनों देशों को भारी नुकसान दिया है और यूरोप में बड़े पैमाने पर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। शिखर सम्मेलन के दौरान सभी वैश्विक नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी इंडो-पैसिफिक के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता और संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्वाड समिट में चीन को संदेश, पीएम मोदी बोले- अच्छाई की ताकत है यह संगठन

टोक्यो। क्वाड देशों की शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन सख्त संदेश देते हुए कहा कि क्वाड एक अच्छाई की ताकत के लिए बनाया गया संगठन है। उन्होंने कहा कि यह संगठन हिंद प्रशांत क्षेत्र को बेहतर बना रहा है। कोविड-19 चुनौतियों के बावजूद क्वाड का दायरा व्यापक होने पर बोलते हुए, पीएम मोदी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान सहित सदस्य देशों का आपसी विश्वास और दृढ़ संकल्प लोकतांत्रिक शक्तियों को नई ऊर्जा और उत्साह दे रहा है। पीएम मोदी ने मंगलवार की सुबह क्वाड समिट में हिस्सा लिया। इस दौरान जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने उनका स्वागत किया। क्वाड लीडर्स समिट से पहले अपने उद्घाटन भाषण में पीएम मोदी ने कहा, क्वाड ने इतने कम समय में दुनिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम ने भारतीय विद्यार्थियों से की क्वाड फेलोशिप में आवेदन की अपील

टोक्यो (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टोक्यो में क्वॉड देशों की ओर से शुरू किए गए फेलोशिप को अद्भुत और अनूठी पहल बताते हुए भारतीय विद्यार्थियों से इसके लिए आवेदन करने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा, मैं भारतीय विद्यार्थियों को क्वॉड फेलोशिप के लिए आवेदन करने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) की अगली पीढ़ी में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता हूं, जो मानवता के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। पीएम ने कहा, यह प्रतिष्ठित फेलोशिप हमारे विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में स्नातक और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के लिए महान अवसर प्रदान करेगी। यह क्वॉड फेलोशिप प्रतिवर्ष 100 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भगवंत मान का भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा ऐक्शन स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को हटाया

कमीशन मांगने का आरोप

चंडीगढ़ (वार्ता)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपनी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को पद से हटा दिया है। उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। पंजाब सीएमओ ने बताया है कि विजय सिंगला के खिलाफ के आरोप लगे थे और इस संबंध में सबूत भी पाए गए थे। पंजाब के सीएमओ ने कहा, 'उन पर आरोप है कि ठेकों के एवज में उन्होंने अधिकारियों से एक पर्सेंट कमीशन की मांग की थी। विजय सिंगला के खिलाफ ठोस सबूत भी पाए गए हैं।' मंत्री पद से हटने के साथ ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने फैसले को लेकर कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है ताकि सरकार को भ्रष्टाचार से मुक्त रखा जा सके। पुलिस को सिंगला के खिलाफ केस दर्ज करने का भी

आदेश दिया गया है। भगवंत मान ने वीडियो मेसेज में कहा, 'मैं मंत्री के खिलाफ कड़ा फैसला ले रहा हूं। उन्हें अपनी कैबिनेट से हटा रहा हूं। उनके भ्रष्टाचार के मामले में शामिल होने के हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं। मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि विपक्षी दल मुझ पर हमला करेंगे और कहेंगे कि सरकार गठन के दो महीने के बाद ही मंत्री को हटा दिया गया। बात यह है कि हम किसी भी हाल में यह नहीं सहेंगे कि कोई भ्रष्टाचार करे। हमारे राष्ट्रीय संयोजक (अरविंद केजरीवाल) ने साफ कर दिया है कि भ्रष्टाचार को सहन नहीं किया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूजा सिंघल केस: बिहार के मुजफ्फरपुर में ईडी की छापेमारी

मुजफ्फरपुर। झारखंड की पूर्व खनन सचिव और राज्य की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई का कनेक्शन मुजफ्फरपुर के युवक से जुड़ गया है। यह युवक है विशाल चौधरी। ईडी की टीम विशाल चौधरी के पिता त्रिवेणी चौधरी के आवास पर छापेमारी कर रही है। त्रिवेणी चौधरी का घर ब्रम्हपुरा थाना के राहुल नगर मोहल्ले में है। ईडी की टीम करीब 8 बजे मुजफ्फरपुर पहुंची। स्थानीय पुलिस को साथ लेकर टीम त्रिवेणी चौधरी के घर पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दिया। त्रिवेणी चौधरी की खुद भी पूजा सिंघल से अच्छी पहचान है।

त्रिवेणी चौधरी मूल रूप से मुजफ्फरपुर के साहेबगंज के रहने वाले हैं। उनका परिवार शहर में राहुल नगर में रहता है। लेकिन,आर्मी से रिटायर होने के बाद से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

उपलब्धि... बिन ब्याही मां के बेटे हैं आस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित पीएम एंथनी अल्बनीज

बेटे को न लगे नाजायज औलाद का ठप्पा, मां ने बोला 14 साल झूठ

रेखा मिश्रा

कैनबरा (ए.)। ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज ने सोमवार को देश के 31वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली। अल्बानीज ने शनिवार की रात संघीय चुनाव में जीत का दावा किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें गवर्नर-जनरल डेविड हर्ले ने रिचर्ड मार्लेस, पेनी वोंग, जिम चाल्मर्स और कैटी गैलाघर के साथ शपथ दिलाई गई। मंगलवार को जापान में चल रहे क्वाड सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी से ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने मुलाकात भी की। हम बता रहे हैं ऑस्ट्रेलिया के पीएम की वो दास्तान जो किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बिन ब्याही मां के बेटे को कहीं नाजायज औलाद का ठप्पा न लग जाए इसीलिए उनकी मां अल्बनीज से 14 साल तक ये झूठ बोलती रहीं कि उनके पिता की एक कार हादसे में मौत हो गई है। जबकि हकीकत इसके उलट थी। ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव में जीते लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज एंथनी अल्बनीज की मां ने बिना शादी के बेटे को जन्म दिया था। नाजायज का ठप्पा बचाने के लिए समाज और बेटे एंथनी से झूठ बोला। एंथनी अल्बनीज 14 साल तक खुद को बिना पिता का समझते रहे। सरकार से मिलने वाली पेंशन बंद होने पर तंगहाली में मां ने बेटे को सब कुछ सच बताया। मां की इस स्टोरी का जिक्र एंथनी ने अपनी बायोग्राफी में भी किया है।

दिव्यांग पेंशन के सहारे मां ने अपने बेटे को पाला

एंथनी का जन्म 2 मार्च, 1963 को ऑस्ट्रेलिया के शहर कैंपरडॉउन के रूढ़िवादी कैथोलिक ईसाई परिवार में हुआ। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बनीज की मां सिंगल पैरेंट हैं। उनकी मां ने दिव्यांग पेंशन के सहारे अपने इकलौते बेटे एंथनी को पाला-पोसा। एंथनी का बचपन आर्थिक तंगी में गुजरा। उनकी मां ने एंथनी को हमेशा यही बताया कि उनके पिता की मौत कार हादसे में हो गई थी। एंथनी की मां आयरिश-ऑस्ट्रेलियाई मूल की हैं, जबकि पिता कार्लो अल्बनीज को इटली मूल का बताया गया।

सरकार ने पेंशन बंद की तो तंगहाली में मां ने बताया सच: 59 साल के एंथनी अल्बनीज जब 14 साल के थे तब तक उनकी मां को दिव्यांग पेंशन मिलती थी। इसके बाद सरकार ने मां को आयोग्य घोषित कर पेंशन बंद कर दी। तंगहाली के बीच एक दिन मां ने बताया कि उनके पिता जिंदा है। उनकी मौत नहीं हुई थी।

प्यार और जुदाई का कड़वा सच: साल 1962 में एंथनी की मां विदेश यात्रा पर थीं। उनके पिता कार्लो क्रूज शिप के मैनेजर थे। सात महीने की यात्रा कर एंथनी की मां सिडनी लौट आई। तब तक वे चार महीने की गर्भवती थीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम को दी बधाई

टोक्यो (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की। अमेरिका,ऑस्ट्रेलिया, भारत,जापान के गठजोड़ क्वॉड की चौथी शिखर बैठक के इतर हुई इस मुलाकात में श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम को बधाई दी। क्वॉड की शिखर बैठक में अपने आरंभिक उद्बोधन में श्री मोदी ने कहा, सबसे पहले प्रधान मंत्री एंथोनी को चुनावों में विजय के लिए आपको बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं। शपथ लेने के 24 घंटे के बाद ही आपका हमारे बीच होना, क्वॉड मित्रता की ताकत और इसके प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। श्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम को भारत आने का निमंत्रण दिया।

संपादकीय

फर्जी गरीबों की पहचान जरूरी

देश में गरीबी का अजीबो गरीब गोरखधंधा लंबे अरसे से चलता आ रहा है। गरीबों को मिलने वाली विभिन्न शासकीय सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए गरीबी रेखा से ऊपर रहने वालों के बीच भी गरीबी रेखा से नीचे जाने की होड़ लगी हुई है। यही वजह है कि आजादी के बाद से गरीबों के हित को ही मद्देनजर रख कर बनाई जाने वाली तमाम योजनाओं के क्रियान्वयन के बावजूद देश में गरीबों की संख्या कम होने की जगह बढ़ती ही जा रही है। जाहिर है इसमें बड़ी संख्या फर्जी गरीबों की है जो गरीबों के हक को छीन रहे है और कथरी ओढ़कर घी खा रहे है। साधन संपन्न लोग भी बीपीएल कार्ड आसानी से बनवा लेते है और गरीबों को मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाते है। वोट बैंक की राजनीतिक के चलते कोई भी राज्य सरकार इन फर्जी गरीबों के खिलाफ भी कार्यवाही करने से हिचकिचाती है। न ही केन्द्र सरकार ने कभी इन फर्जी गरीबों की पड़ताल करना जरूरी समझा है जबकि देशहित में यह बेहद जरूरी है कि ऐसे फर्जी गरीबों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएं। इस दिशा में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अनुकरणीय कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुनाही कराकर ऐसे फर्जी गरीबों को अपना बीपीएल कार्ड सरेंडर करने की चेतावनी दी थी और कहा था कि निर्धारित तिथि के भीतर जो अपात्र लोग अपना बीपीएल कार्ड जमा नहीं करेंगे उन्हे अब तक मिली सभी प्रकार की छूटों का भुगतान करना पडेगा। योगी सरकार के इस ऐलान के बाद फर्जी गरीबों में हड़कंप मच गया और उत्तर प्रदेश में फर्जी बीपीएल कार्ड सरेंडर करने वाली की भीड़ उमड़ने लगी। इसी तरह की कार्यवाही देश के अन्य राज्यों में भी की जानी चाहिए तभी फर्जी गरीबों का खुलासा हो पाएगा और जो वास्तविक गरीब है उन्हे और ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराई जा सकेंगी। जब वास्तविक गरीबों को अधिक सुविधाएं और छूट मिलेगी तभी उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और देश के माथे पर लगे गरीबी के कलंक का टीका हट पाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस पहल से अन्य राज्य सरकारें भी प्रेरणा लेंगी और अपने अपने राज्यों में ऐसे फर्जी गरीबों की जांच पड़ताल कर उनके बीपीएल कार्ड निरस्त करेंगी। इस मामले में केन्द्र सरकार को भी एक सुस्पष्ट नीति बनानी होगी और गरीबी रेखा का नए सिरे से निर्धारण करना होगा।

कविता

उल्टी जग की रीत

चन्द्रकांत खुंटे

तन सुथरा मन मैला, उल्टी जग की रीत।
कोई न समझे पीर पराई, कोई न जाने प्रीत।
जो जानै नजर बाचने, लेवै हृदय को जीत।
क्षुब्ध में जो होवै शामिल, वही सच्चे मीत।
चोंट में लगावै मरहम, सुख के लेवै गीत।
जो न देखै निज-पराये,उसी के निर्मल चित।
जो करै पर भलाई, होवै उसी की जीत।
धरे धरम फूटे करम,करे जन-जन गुमराह।
कोई न समझे यथार्थ को, कोई न जाने गुनाह।
जो जानै तर्क करना, त्यों जानै गहराई अथाह।
मिथ्या पे उठाएं सवाल, सत्य का लेवै पनाह।।
दरिद्र को देवै भोजन, शोषित का सुनै कराह।
जो न देखै लघु-दीर्घ, वही राखै सुमता सलाह।
जो रहै जागरूक जन, खामियों में रखै निगाह।।
स्थिर कर्म मुख चंचल, रंग-रंग साजे पोशाक।
दृश्य देख जन भ्रमित, परखे न कोई चालाक।।
अंधभक्ति में डूबे जन, यथार्थ न जानै पाक।
जो उठाएँ ऊँगली तो, दिखाएं पद-प्रतिष्ठा धाक।
मसल देते ध्वनि को, होते बहुत खतरनाक।
भाँति-भाँति के बनाएं दल, इरादे होते नापाक।
दरिद्र सेवक बने रहे, प्रगति पर लगाते ढाक।।

महँगाई

संतोष मिरी हेम

महँगाई टीप मा चघा के, थोकिन उतार देथच।
वाह रे! तोर गोठ, तँय सबला भूलवार देथच।
गजब बाढ़े ये महँगाई ला, गोठ मा सुधार देथच।
गरिबहा के पइसा ला, घरिक मा चतवार देथच।
अंधियारी म बइठे समारू,थोकिन दीया बार देथच।
होथे थोकिन जोर तहाँ ला, फेन दीया टार देथच।
कइसे बिसाही दार समारू, कतका महँगा दार देथच।
सुक्खा-सुक्खा कइसे लिलव, जियत मा मार देथच।
घोलहा अंडा कस तँय हर, उपर ला सँवार देथच।
काम करे के पारी आथे ता, हाथ ला टार लेथच ।
कहिथस मँय सबले बढ़िया, पेट्रोल ला सुधार देथच।
गाड़ी वाला ला मोहथस, साइकिल ला दुत्कार देथच।
करिया धन लानिहा कहिके, बना तँय सरकार लेथच।
भरस्टाचार मिटाय के बारी मा, अलकरहा उधार लेथच।
जतको होथे लोभ लुभावन, नेवता झाराझार देथच।
आथे जब देहे के बेरा, महँगा खिचड़ी मेंझार देथच।

राजेश माहेश्वरी

जाहिर है इस संकट से सारी दुनिया जूझ रही है और कई पड़ोसी देश दिवालिया होने के कगार पर पहुंच गये हैं, लेकिन अपना घर संभालने की जिम्मेदारी तो सरकार की ही बनती है। तमाम मौद्रिक उपायों के साथ ही सरकार को महंगाई कम करने के लिये अतिरिक्त उपाय करने होंगे। लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को भी संबल देना ही होगा। ऐसे में विश्वास किया जाना चाहिए कि केंद्र सरकार के हालिया कदम से लोगों की मुश्किलों में कुछ कमी आयेगी। मौजूदा वैश्विक संकट में महंगाई का ताप कम करना हर सरकार का नैतिक दायित्व होना चाहिए क्योंकि दो साल के कोरोना संकट की वजह से देश के अस्सी करोड़ से अधिक लोगों की आय का संकुचन हुआ है। ऐसे में जख्मों पर मरहम जरूरी था। निस्संदेह, इस संकट में भारतीय कृषि क्षेत्र हमारी ताकत बना है। सरकार ने समय रहते गेहूं के निर्यात पर रोक लगाकर घरेलू बाजार में आम आदमी की प्राथमिक जरूरत आटे की कालाबाजारी पर रोक लगाने की सार्थक पहल की है। महंगाई कम करने के लिये केंद्र व राज्यों के साझे प्रयास जरूरी हैं।

मंहगाई से थोड़ी राहत मिलेगी

केंद्र सरकार ने पिछले दिनों पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाकर जनता को मंहगाई से राहत देने की ओर एक कदम बढ़ाया है। असल में देश में खुदरा महंगाई अप्रैल में बढ़कर आठ साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इस दौरान थोक महंगाई भी बढ़कर 17 साल के उच्च स्तर के पहुंच गई। निस्संदेह पिछले आठ साल की सबसे अधिक खुदरा व नौ साल की सर्वाधिक थोक मुद्रास्फीति झेल रही जनता को इससे कुछ न कुछ राहत अवश्य मिलेगी। इससे जहां मालभाड़ा कम होगा, वहीं खाद्य महंगाई में कुछ कमी की भी उम्मीद जगी है। ऐसे में अब राज्यों पर दवाब है कि वो भी वैट कम करे ताकि लोगों को और राहत मिल सके। बाजार विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में ऐसे और कई कदम उठाए जा सकते हैं। सरकार खाद्य तेल और इंडस्ट्रीज में काम आने वाले कच्चे माल पर आयात शुल्क कम करने पर विचार कर रही है। वास्तव में इस साल कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले आसमान छूती महंगाई मोदी सरकार के लिए एक बड़ा सिरदर्द बन गई थी।

दरअसल, देश के केंद्रीय बैंक ने भी संकेत दे दिये थे कि पेट्रो उत्पादों की कीमत में कमी के बिना महज मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाना मुश्किल होगा। और आखिरकार भारत सरकार को देश की जनता के दर्द और गुस्से के सामने झुकना ही पड़ा। यही लोकतंत्र की ताकत है। पेट्रोल 9.5 रुपए और डीजल 7 रुपए प्रति लीटर सस्ते किए गए हैं। सरकार ने पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क कम किया है। नवंबर, 2021 में चुनावों की घोषणा के मौके पर भी केंद्रीय टैक्स कम किया गया था। कुल टैक्स कम करने से पेट्रोल पदार्थ कोरोना महामारी से पहले वाले स्तर पर आ गए हैं। डीजल का दाम घटने से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। जानकारों का कहना है कि खरीफ का सीजन आने वाला है। जिसमें धान की रोपाई के लिए खेत की अच्छे से जोताई करनी पड़ती है। इसमें किसानों को घंटों तक ट्रैक्टर चलाना मजबूरी हो जाता है। डीजल के दाम में इजाफा होने से उनकी लागत बढ़ रही थी, लेकिन एक्साइज ड्यूटी कम होने से उन्हें काफी राहत मिलेगी और प्रति लीटर बचत से उनकी लागत घट जाएगी। इस फैसले से छोटे-बड़े किसानों को काफी राहत मिलने वाली है।

इतना ही नहीं करीब 9 करोड़ उज्ज्वला गैस लाभार्थियों को भी साल में बारह सिलेंडरों पर प्रति सिलेंडर दो सौ रुपये की छूट देने की भी घोषणा की है। यह जरूरी भी था, क्योंकि 90 लाख से ज्यादा उज्ज्वला लाभार्थियों ने पहला सिलेंडर ही नहीं भरवाया था। यह आंकड़ा सरकार के पास होगा। खासतौर पर इसका फायदा रूरल एरिया के उज्जवला कनेक्शन लेने वाले एलपीजी कंज्यूमर्स को होगा। वहीं डीजल का रेट कम होने के साथ ही खाद्य पदार्थों जैसे फल, सब्जी, तेल आदि के ट्रांसपोर्टेशन चार्ज कम होने पर इनके रेट में भी कमी आएगी। बीते साल नवंबर में भी केंद्र सरकार ने पेट्रोल व डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाया था। उसके बाद भाजपा व एनडीए शासित राज्यों ने भी पेट्रो उत्पादों पर से वैट घटाया था। लेकिन विपक्ष शासित राज्यों ने इसका अनुकरण नहीं किया। इस बार केंद्र सरकार द्वारा की गई कटौती के बाद राजस्थान, ओडिशा व केरल ने अपने राज्यों के लोगों को राहत देने का प्रयास किया है।

बेशक तेल पर उत्पाद शुल्क कम करने से सरकार का राजस्व करीब एक लाख करोड़ रुपए कम हो जाएगा और उज्ज्वला सबसिडी के कारण भी 6100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ सरकार पर पड़ेगा, लेकिन महंगाई और मुद्रास्फीति को कम करने के लिए आम आदमी को यह राहत देना बेहद जरूरी था। इसके अंजाम कुछ भी हो सकते थे। औसत घर का बजट बिगड़ चुका था। जनता लगातार महंगे होते तेल और ईंधन गैस की मार झेलते हुए गुस्साने भी लगी थी। बीते कुछ दिनों में शीर्ष स्तर पर बैठकें की जा रही थीं और प्रधानमंत्री मोदी ने भी हस्तक्षेप किया कि पेट्रोल, डीजल, गैस को कुछ सस्ता किया जाए।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी अनुशंसा की थी कि सरकार अपने हिस्से के उत्पाद शुल्क को घटाए, क्योंकि मालभाड़ा भी एक साल के अंतराल में 20 फीसदी से अधिक बढ़ चुका था, नतीजतन रोजमर्रा की बुनियादी चीजें भी महंगी हो रही थीं। थोक मूल्य सूचकांक और खुदरा महंगाई दर अपने उच्चतम स्तर पर हैं, लिहाजा सरकार को यह फैसला लेना पड़ा। यकीनन भारत सरकार का यह संवेदनशील फैसला है। अब पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 19.90 रुपए और डीजल पर 15.80 रुपए प्रति लीटर होगा। बेशक 2014 की तुलना में यह टैक्स भी काफी ज्यादा है, लेकिन बीते 8 सालों के दौरान अर्थव्यवस्था ने भी कई करवटें ली हैं। वैसे बीते 3 सालों के दौरान सरकार ने तेल पर उत्पाद शुल्क से 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक कमाए हैं। यह खुद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की स्वीकारोक्ति है। 2014 से आज तक सरकार इस टैक्स के जरिए 26-27 लाख करोड़ रुपए वसूल चुकी है।

बहरहाल सरकार की कर-व्यवस्था पर ज्यादा सवाल नहीं किए जाने चाहिए, क्योंकि वही पैसा देश के आधारभूत ढांचे, विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाता रहा है, लेकिन टैक्स विवेकसम्मत हो, तो आम आदमी की कमर नहीं टूटती। अर्थशास्त्रियों का भी मानना है कि उत्पाद शुल्क कुछ और कम किया जा सकता है। यदि इसे 14 रुपए और 10 रुपए कर दिया जाए, तो सरकार को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होगा। अलबत्ता तेल जरूर सस्ता हो जाएगा और आम उपभोक्ता को राहत मिलेगी। केंद्र सरकार के इस फैसले के अनुपात में ही राज्य सरकारें अपना वैट या टैक्स कम करें, तो आम आदमी को तेल बहुत सस्ता मुहैया कराया जा सकेगा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि महंगाई बढ़ाने में रूस-यूक्रेन युद्ध की सबसे बड़ी भूमिका है। इससे वैश्विक बाजार में न सिर्फ कच्चे तेल और कमोडिटी की कीमतें बढ़ी हैं बल्कि उत्पादन लागत पर भी असर पड़ा है। केंद्र सरकार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए पूरी तरह से महंगाई को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सरकार का अनुमान है कि खाद सब्सिडी देने के लिए अतिरिक्त 500 अरब रुपये की आवश्यकता होगी। हाल ही में एसबीआई ने भी एक रिपोर्ट में कहा था कि देश में महंगाई बढ़ाने में 59 फीसदी भूमिका यूक्रेन युद्ध की है।

अखिलेश यादव भी आत्मघाती राजनीति के नमूने बन गए

विष्णुगुप्त

राजनीतिक रणनीति की समझ की कसौटी पर अखिलेश को देख लीजिये। मुलायम सिंह यादव के विरोध के बावजूद अखिलेश यादव ने कांग्रेस के साथ समझौता किया। कांग्रेस की औकात से ज्यादा विधान सभा सीटें दी थी। दुष्परिणाम क्या निकला? अखिलेश की सरकार चली गयी और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद हासिये पर खडी भाजपा को सत्ता प्राप्त करने में सफलता मिली। 2019 के लोकसभा चुनावों में फिर अखिलेश ने आत्मघाती निर्णय लिये। सपा और बसपा में समझोते हुए। सपा और बसपा मिलकर चुनाव लडे। बसपा को सपा से अधिक सीटें मिली। पिछले लोकसभा चुनावों के बाद मायावती ने बयान दिया था कि सपा के कारण बसपा को प्रत्याशित सीटें नहीं मिली और भविष्य में कभी भी सपा के साथ समझौते नहीं करेगी।

अखिलेश यादव भी आत्मघाती और जगहंसाई राजनीति का नमूना बनते जा रहे हैं। इस कसौटी पर उनकी तुलना राहुल गांधी से हो रही है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच बहुत सारी समानताएं भी है। ये दोनों वंशवादी राजनीति की उपज हैं। दोनों के पिता और अन्य रिश्तेदार राजनीति के सिरमौर रहे हैं। राहुल गांधी के माता, पिता, दादा-दादी और परनाना राजनीति के सिरमौर रहे हैं जबकि अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव समाजवादी पार्टी के जनक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री रह चुके हैं, मुलायम सिंह यादव एक बार देश के प्रधानमंत्री बनते-बनते रह गये थे, लालू प्रसाद यादव ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने से रोक दिया था और एच डी देवगौड़ा प्रधानमंत्री बनने में सफल हुए थे। राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों विदेश में पढ़े हुए हैं पर दोनो की विदेशी डिग्रियों पर प्रश्न खड़े होते रहे हैं। दोनों पर यह आरोप लगते रहा है कि खानदानी विरासत को अक्षुण रखने में असफल साबित हुए हैं और अपनी अज्ञानता और अकुशलता के साथ ही साथ अदूरदर्शिता का प्रदर्शन कर खानदानी विरासत को नुकसान पहुंचाते रहे हैं और अपमानित करने साथ ही साथ जगहंसाई भी कराते रहे हैं। यह सही है कि राहुल गांधी अपनी पार्टी कांग्रेस को संभालने में पूरी तरह से असफल साबित हुए हैं और कांग्रेस लगातार कमजोर हो रही है, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस दो दर्जन से अधिक चुनावों में हार चुकी है। जबकि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी भी कई चुनाव हार चुकी है। समाजवादी पार्टी अब बेहद कमजोर हो चुकी है और अखिलेश यादव के परिवार में भी सबकुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। अखिलेश के भाई प्रतीक की पत्नी अर्पणा यादव भाजपा में चली गयी है जबकि चाचा शिवपाल यादव के बगावती रूख भी जगजाहिर है।

राजनीति में राजनेताओं के पुत्रों और पुत्रियों के ज्ञान, दूरदर्शिता और समझ को देखकर निराशा ही होती है। वर्तमान राजनीति में सिर्फ अखिलेश यादव और राहुल गांधी ही जगहंसाई और आत्मघाती राजनीति के नमूने नहीं है बल्कि इसके नमूने और भी है। राहुल गांधी की बहन प्रियका गांधी, लालू के पुत्र तेजप्रताप यादव, वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यंत सिंह, नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार, प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर सिंह बादल आदि इसके दर्जनों उदाहरण हैं। वसुंधरा राजे का पुत्र दुष्यंत सिंह सांसद हैं और प्रकाश सिंह बादल का पुत्र सुखबीर सिंह बादल पंजाब का उप मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं पर इनकी राजनीतिक दूरदर्शिता वैसी तो नहीं है जैसी राजनीतिक दूरदर्शिता इनके माता-पिता और अन्य पूर्वजों की रही है। लालू के पुत्र तेज प्रताप यादव की नौटंकी कौन नहीं जानता है? तेजप्रताप यादव अपनी हरकतों से राजनीति को प्रहसन बना दिया है। नीतीश कुमार का पुत्र अभी राजनीति मे नहीं है पर नीतीश कुमार की तरह उनमें प्रतिभा की कमी महसूस की जा सकती है। हरियाणा में भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के पुत्र दीपेन्द्र सिंह हुड्डा की भी राजनीति समझ पर प्रश्न उठते रहे हैं। वंशवादी राजनीतिज्ञ अपने वंशजों को ऐसोआराम की जिंदगी देते हैं, पंचसितारा की संस्कृति देते हैं, पैसे के बल पर शिक्षा की डिग्रियां हासिल करा देते हैं। प्राइवेट शिक्षा संस्थानों से पैसे के बल पर धनपशु और राजनीतिज्ञ मनमाफिक डिग्रियां खरीद लेते हैं।

अब यहां यह प्रश्न उठता है कि जगहंसाई राजनीति और आत्मघाती राजनीति में अखिलेश यादव कितने डूबे हुए हैं और इनके जगहंसाई वाले बोल क्या-क्या हैं? ताजा उदाहरण तो ज्ञानबापी का है। ज्ञानबापी के प्रश्न पर उन्होंने ने एक बार फिर हिन्दुओं को अपमानित करने और अपने जनाधार को भी कमजोर करने वाली बयानबाजी से बाज नहीं आये। उन्होंने कह डाला कि कही भी पत्थर रख दो, पत्थर पर सिंदूर लगा दो, मंदिर बन जायेगा। इसका सीधा अर्थ हिन्दुओं की भावनाओं को आहत करना है। पिछले विधान सभा चुनावों के दौरान वे अयोध्या गये, अयोध्या में एक मंदिर में भी गये पर रामजन्म भूमि मंदिर में नहीं गये। रामजन्म भूमि मंदिर नहीं जाने पर आत्मघाती संदेश चला गया। राममंदिर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने के काफी पहले उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति में राममंदिर नहीं बनने दूंगा। जब मुख्यमंत्री थे तब उन्होंने अयोध्या में पंचकोशी परिक्रमा पर बल का प्रयोग किया था जिसमें कई संतों की चोटें आयी थी। अखिलेश के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने विदेश से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की थी पर अपने शासनकाल के दौरान वे हज हाउस और कब्रिस्तान बना रहे थे। पिछले विधान सभा चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि उनके सपने में कृष्ण आते हैं और आश्वासन देते हैं कि तुम्हारी सरकार बनने वाली है। इसके खिलाफ भाजपा का कहना था कि फिर अखिलेश कृष्ण जन्म भूमि को मुक्त करने के लिए आगे क्यों नहीं आते हैं?

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुर्गा अउ सरकार

मुर्गा अउ सरकार के सोच म एक खास समानता हे. मुर्गा जइसे समझथे- वोकरे बॉंग दे ले ही सुरूज ऊथे ठउका सरकार घलो अइसनेच भरम म रहिथे- वोकरेच ढिंढोरा पीटे म ही लोगन के जिनगी म अच्छा दिन आथे. ए तो सुरूज के निरंतरता अउ लोगन के जबर मेहनत के भरोसा सेती हर युग म हर काल म अउ हर हाल म अंधियारी के छाती चीर के वो ह सुख के अंजोर परघाथे जिनगी ल महकाथे दुनिया ल सजाथे।

-सुशील भोले

किनारे पर भी

किनारे पर भी कश्ती को बवंडर घेर लेता है । समझते हैं ?वहीं जिनको ये मंज़र घेर लेता है । मुझे जब भी, ये लगता है कि मैं अब जीत जाऊंगा, नतीजे मेरी मेहनत के मुकद्दर घेर लेता है।

- कवि अंकित चहल विशेष

खास पाती

दिली चोट को जानना चाहिए

दिली चोट को जानना चाहिए था।। तभी अपनों का आसरा चाहिये था।। भरोसा किया जिन पे उन्ही ने तोड़ा इसे सहने का हौसला चाहिए था।। सभी रिश्ते नाते दिये तोड़ हमने सभी को यहाँ बुत-कदा चाहिए था।। संभाला बहुत दर्द को फ्लक तक मगर आँसुओ को पता चाहिये था। कभी जख्म को देख लेते ये रिश्ते कि सच का नही सामना चाहिये था। मकाँ थे मगर घर नही थे कहीं पर मुहब्बत नही तजरिबा चाहिये था।। खुशी में जरूरत नही है किसी की हकीकत में गम बाँटना चाहिये था।। घने साए माफिक चली मुश्किलें थी चले दूर तक वो रहनुमा चाहिये था। - वंदना भट्नागर

मैं और मेरी तन्हाई विचारों की

मैं और मेरी तन्हाई विचारों की गहराई। मेरे अवसाद लेखन की शुरुआत मेरे जज्बात बिगड़ते हालात हमारी बात कुछ विसंगतियां कुछ विचलन कुछ तड़प कुछ झड़प। कुटिल चाल बेवजह के बवाल कुछ मालामाल कुछ कंगाल! अजीब हाल सभी बेहाल बेवजह के सवाल ने जन्म दिया मेरे बेतरतीब-शब्दों को ये छोटे-छोटे मन के विद्रोह बनते रहे मेरी रचनायें। कुछ भी तो फर्क नहीं पड़ता मेरे शब्दों से दुनिया को। बस एक झूठा आत्म-संतोष। जैसे गिलहरी ने, प्रभु राम के। पुल-निर्माण में, किया था सहयोग। - तनु युग भारद्वाज

रूठना मनाना अब कब तक

रूठना मनाना अब कब तक चलेगा जी मानूँ आपकी में आप मेरी मान जाइये मुँह को फुलाये हुए बैठेंगे जी कब तक चलिए थोड़ा सा अब आप मुस्कुराइये मन बहलाने हेतु वक्त को बिताने हेतु सुनिए जी मेरी कुछ अपनी सुनाईये कविता में वीर रस ,आपको सुनाने आया, पहले आप ज़ोर से, ताली तो बजाइये। - संजय कुमार गिरि

पड़ाव

कई यात्राएं की मैने कई सहयात्री मिले पते भी लिये कुछ से अब भी बात होती है कुछ रास्ते में उतर गये कुछ याद ही नही रहे मैं भी किसी को अजीज था अब याद न रहा यात्रा अब भी जारी है वह कहीं उतर गई बीच में मैं उतरने वाला हूं मेरा पड़ाव आता ही होगा

- डॉ किशोर अग्रवाल

दुन्या लिखती गड़बड़ झाला अच्छी

दुन्या लिखती गड़बड़ झाला अच्छी लगती यार गजल। हम भी लिखते सोच समझकर होती है बेकार गजल। चार चुटकुले सात शेर में बीस तरन्नुम का लटका वाह वाह लंबी ताली बजती लगती है दमदार गजल। महफिल में शुहरत की हसरत पड़ी जेब पर यह भारी मनीराम छह कविता वादा ऐसे मिली उधार गजल।

- अंशु विनोद गुप्ता

नौ दिन में चले हैं अढाई कोस

नौ दिन में चले हैं ढाई कोस कितना माद्दा, कितना जोश उभरे डूबे यहाँ वहाँ मदहोश तब शर्म ही थी न अफसोस लुटा जब सब तो आया होश तबसे तू खामोश मैं खामोश।

- जावेद उस्मानी

कब तक मेरे भाग्य में तुमने

कब तक मेरे भाग्य में तुमने लिखी प्रतीक्षा त्रिपुरारी सदियाँ बीती अब तक अंत हुई नहीं मेरी लाचारी तुम पर त्रास हुए अरु मेरी भक्ति ने अपमान सहा क्या मेरी पीड़ा को समझ सकेगी ये दुनिया सारी।

- पूजा बंसल

QUIZ TIME

1) किस शहर ने वैश्विक सहयोग उन्नत वैक्सीनोलॉजी प्रशिक्षण बैठक की मेजबानी की?
2) किस देश ने अपने संविधान में प्रकृति के अधिकार को मंजूरी दी है?
3) किस भारतीय कंपनी ने कनाडा के सबसे बड़े भुगतान संगठन पेमेंट्स कनाडा के साथ भागीदारी की है?
4) किस राज्य सरकार ने राज्य शिक्षा नीति तैयार करने के लिए एक पैनल का गठन किया?
5) नीति आयोग का उपाध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जेनेवा (2) चिली (3) टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (4) तमिलनाडु (5) सुमन बेरी

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1611: मुगल शासक जहांगीर ने मेहरून्निसा से निकाह किया जो इतिहास में नूरजहां के तौर पर जानी जाती हैं। 1877: यात्रियों से भरा स्टीमर ‘सर जॉन लारेंस’ ओडिशा तट के पास डूब गया, जिसमें कुल 732 लोग सवार थे। 1961: अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी ने देश के अंतरिक्ष अभियान की शुरुआत के लिए लाखों डॉलर की राशि की घोषणा की। उन्होंने वर्ष 1970 तक अमेरिका को चांद पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा था। 1963: अफ्रीकी देशों को एकजुट करने के इरादे से 32 देशों ने अफ्रीकी संघ का गठन किया। 1985: बंग्लादेश में भारी तूफान के कारण लगभग 10 हजार लोगों की मौत। 1989: मिखाइल गोर्बाचेव सोवियत संघ के कार्यकारी राष्ट्रपति चुने गए। 1991: इजरायल ने 14 हजार यहूदियों को इथियोपिया से निकाला। 1995: अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार जीवित जीव के डीएनए को डीकोड करने में सफलता मिली। 1998: यूरोपीय संघ के सदस्य देश परमाणु परीक्षणों के कारण भारत पर प्रतिबंध न लगाने के लिए सहमत हुए। 2003: चिली ने विश्व कप टेनिस का खिताब पहली बार जीता। 2008: अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा द्वारा भेजा गया रोबोट मंगल ग्रह पर उतरा। 2011: द ओपरा विनफ्रेशो की अंतिम कड़ी का प्रसारण। सबसे लंबे समय तक प्रसारित हुए इस टेलीविजन कार्यक्रम ने ओपरा को अमेरिका की सबसे रईस और प्रभावी शख्सियत बना दिया। 2012: स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के साथ मिलने वाला पहला व्यावसायिक अंतरिक्ष यान बन गया।

फदहाखार के जंगलों में देर रात लगी आग, झाड़ियां-पेड़ जले, नुकसान का आंकलन नहीं

जंगल जलते रहे, वन अमला पहुंचा ही नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में सोमवार रात फदहाखार के जंगल में भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आकर तमाम झाड़ियां और पेड़ जल गए हैं। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और नगर निगम को दी। करीब डेढ़ घंटे बाद बोदरी नगर पंचायत की दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू हुआ। स्थानीय महिलाओं की मदद से देर रात आग पर काबू पाया जा सका। इस पूरी घटना के बाद भी अभी तक वन विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंचा है। आग लगने का वीडियो भी सामने आया है।

नगर निगम के सिरगिट्टी के वार्ड क्रमांक 12 फदहाखार में जंगल है। इस वन भूमि के आसपास 100 से अधिक परिवार भी रहते हैं। सोमवार शाम आंधी-तूफान आने के बाद जंगल की झाड़ियों में आग की लपटें दिखाई दीं। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी और भीषण रूप ले लिया। इसे देखकर आसपास के लोग अपने घरों तक आग न पहुंचे, इसके लिए बुझाने की कोशिश शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने जंगल में आग लगने की सूचना पुलिस के साथ ही नगर निगम के अफसरों को भी दी। आग लगने की सूचना के करीब डेढ़ घंटे बाद नगर पंचायत बोदरी की दमकल वहां पहुंची और आग बुझाने के लिए मशक्कत करने लगी।

तिफरा-सिरगिट्टी जोन की दमकल खराब

स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना जोन के अफसरों को दी। लेकिन, पूर्व के नगर पालिका तिफरा और नगर पंचायत सिरगिट्टी की दमकल खराब पड़ी है। इसके चलते नगर निगम के अफसरों ने नगर सेना के साथ ही नगर पंचायत बोदरी से दमकल मंगाया। इसके चलते आग को काबू करने में काफी विलंब हो गया। बताया जा रहा है कि समय रहते दमकल पहुंच जाती, तो आग को पहले ही बुझा लिया जाता।

गायब रहा वन विभाग का अमला

फदहाखार का जंगल वन विभाग का है, जिसके आसपास सालों से लोग कब्जा कर रह रहे हैं। मौके पर पहुंची सिरगिट्टी पुलिस ने वन विभाग के अफसरों को भी आग लगने की जानकारी दी। लेकिन, सूचना के बाद भी वन विभाग का अमला मौके पर नहीं पहुंचा था।

आग की लपटें लोगों के मकान तक नहीं पहुंच पाई

बताया जा रहा है कि सूखे पेड़ और झाड़ियों में लगी आग तेजी से फैल रही थी। आंधी बंद होने के बाद आग की लपटें लोगों के मकान तक नहीं पहुंच पाई। आग बुझाने में देरी होती या हवा तेज होती तो आसपास के लोगों के मकानों को भी आग चपेट में ले सकती थी। यही वजह है कि डर के कारण महिलाएं आग बुझाने के लिए मशक्कत करती रहीं।

देर रात तक आग बुझाते रहे दमकल कर्मी

टीआई सागर पाठक ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद टीम मौके पर पहुंच गई थी। चूंकि, बांस के जंगल में आग लगी थी। इसके चलते आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। देर रात तक दमकल कर्मी आग बुझाते रहे। दरअसल, जंगल में लगी आग एक जगह से बुझाने के बाद दूसरी जगह पर लग जाती थी। जंगल के बीच तक दमकल नहीं पहुंच पा रही थी। इसके चलते काफी देर से आग बुझाई जा सकी। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिर भी यह माना जा रहा है कि हवा में बांस के आपस में रगड़ाने की वजह से आग लगी होगी।

छत्तीसगढ़ की 36 ट्रेनें फिर कैंसल

- इनमें मेमू-डेमू के साथ एक्सप्रेस ट्रेनें भी शामिल
- एमपी, ओडिशा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल जाने वाले यात्रियों की मुश्किल

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे बोर्ड ने अब जून में भी 36 ट्रेनों को एक माह के लिए कैंसल कर दिया है। अप्रैल व मई की तरह जून में भी रेलवे की मनमानी का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ेगा। इधर, ट्रेनों को रद्द करने कांग्रेस नेताओं के विरोध-प्रदर्शन और आंदोलन की तैयारी धरी की धरी रह गई है। ट्रेनें कैंसल होने के बाद यात्रियों को समर वेकेशन के सीजन में एक बार फिर से अपनी यात्रा कैंसल करनी होगी।

देश में कोयला संकट की समस्या को देखते हुए रेलवे ने माल लदान को प्राथमिकता देते हुए अप्रैल और मई महीने में 36 ट्रेनों को कैंसल कर दिया था। इसके चलते छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में यात्रा करने वाले यात्रियों को खासी परेशानी हुई। इस बीच रेलवे ने 23 अप्रैल से 22 एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को फिर से रद्द करने का फरमान जारी कर दिया।

रेलवे के इस फैसले का प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विरोध जताया। इसके साथ ही कांग्रेस नेताओं ने ट्रेनों को कैंसल करने का विरोध करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी, लेकिन रेलवे पर इसका कोई असर नहीं हुआ। यही वजह है कि बिना किसी कारण के रेलवे ने अप्रैल में रद्द की गई ट्रेनों का परिचालन अब जून तक कैंसल करने का आदेश जारी कर दिया है।

इसके अलावा मेमू लोकल भी बहुत मायने रखती है। ये सभी ट्रेनें उसलापुर, घुटकू, कलमीटार, करगीरोड कोटा, सल्का, बेलगहना, टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, खोडरी, सारबहरा, पेंड्रारोड, अनूपपुर होते हुए शहडोल तक काफी महत्वपूर्ण हैं। अधिकांश ट्रेनों को रद्द कर कोयले की सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।

यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण है रद्द की गई ट्रेनें

रेलवे प्रशासन ने बिलासपुर जोन और यहां से गुजरने वाली जिन ट्रेनों को रद्द किया है वे आम जनता के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इनमें से बिलासपुर जोन की एक्सप्रेस और मेमू-डेमू तो यहां की जनता के लिए लाइफ लाइन के समान है। खासकर वे ट्रेनें जो बिलासपुर-कटनी रूट पर चलती है। ज्यादातर ट्रेनें इसी रूट की है। बिलासपुर-भोपाल, बिलासपुर-रीवा जैसी ट्रेन को काफी महत्वपूर्ण हैं।

भागवत कार्यक्रम में आरआई का विरोध कहा - यहां नहीं होगा अयोजन

- भागवत कार्यक्रम में अचानक पहुंचा और करने लगा विरोध

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक ने एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान जमकर हंगामा कर दिया। वो इतना नाराज था कि उसने वहां रखीं कुर्सियां पटकनी शुरू कर दी उसे तोड़ भी दिया है। बताया गया कि वह इस कार्यक्रम का विरोध कर रहा था। जिसके चलते ये पूरा हंगामा हुआ है। अब इस पूरे घटनाक्रम के बाद आयोजकों ने मामले की शिकायत थाने में की है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

दरअसल पुलिस लाइन इलाके में इन दिनों भागवत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। इस इलाके में पुलिसकर्मियों का ही परिवार रहता है। सोमवार शाम को भी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान शाम के वक्त आरआई धनेंद्र ध्रुव वहां पहुंच गया और कहने लगा कि यहां कार्यक्रम नहीं होना चाहिए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि आरआई के विरोध करने पर उसे समझाया गया था। मगर वह नहीं माना, बार-बार वह कार्यक्रम का विरोध करने लगा। इसके बाद उसने हंगामा कर दिया और कुर्सियां तोड़ दीं। इस पर पास के लोगों ने ही उसे काफी समझाया, तब जाकर पूरा मामला शांत हुआ और वो वहां से चला गया। लेकिन इस हंगामे को लेकर कार्यक्रम आयोजन करने वाले लोगों ने विरोध जताया है और मंगलवार को पूरे मामले की शिकायत की है। लोगों ने आरआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

आइजी डांगी कुर्सी छोड़कर दिव्यांग के पास पहुंचे, सुनी शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। दिव्यांग युवक अपनी समस्या को लेकर आइजी रतनलाल डांगी के पास पहुंचे। कार्यालय में मौजूद डांगी को पता चला तो उन्होंने अपनी कुर्सी से उठकर दिव्यांग युवक के पास चले गए। उनकी समस्या के बारे में जानकारी ली। आइजी ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। सोमवार को संतोष मिश्रा ने अपनी शिकायत में आइजी रतन लाल डांगी को बताया कि रायपुर के रहने वाला शरण नाम के व्यक्ति ने बैंक में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। उन्होंने इसके एवज में चार लाख रुपये की मांग की। संतोष को नौकरी की जरूरत थी। इसलिए वे पैसा देने के लिए तैयार भी हो गए। किस्त-किस्त कर पूरे चार लाख रुपये दे दिए। इसके बाद शरण ने जल्द नौकरी के लिए ज्वाइनिंग लेटर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

समय गुजरते गए, पर नौकरी के लिए ज्वाइनिंग लेटर नहीं मिला। जब संतोष फोन कर शरण से संपर्क करते थे। तब शरण आज कल कहते हुए घुमाने लगा। इससे पीड़ित को अहसास हो गया कि नौकरी नहीं मिलेगी। फिर उन्होंने शरण से पैसा वापस करने के लिए कहा। बार-बार दबाव बनाने पर शरण ने एक लाख रुपये लौटाया। बाकी रकम अभी तक वापस नहीं किया है। फोन करने पर वह फोन तक नहीं उठाता है। पैसा गबन होने के कारण पीड़ित की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। वह मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। पैसा मिलने पर कुछ व्यवसाय करेंगे। ताकि अपने और स्वजनों का भरण पोषण कर सकें। पीड़ित ने आइजी से आरोपित युवक पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। आइजी डांगी ने मामले को गंभीरता से लिया और आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

डाक्टर के गलत इलाज से अपंग हो गया

पीड़ित संतोष मिश्रा ने बताया कि कोरोना संक्रमण काल के दौरान तबियत खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती हुआ था। वहां के डाक्टरों ने गलत तरीके से इलाज कर दिया। दवा का गलत असर पड़ने के कारण शरीर धीरे-धीरे कमजोर हो गया। अब वह व्हील चेयर में आ गया है। इसके पहले वे पूरी तरह स्वस्थ थे। शारीरिक रूप से कोई परेशानी नहीं थी।

स्लम एरिया के बच्चों को चाइल्ड लाइन ने बांटी चप्पल

फाइल फोटो

बिलासपुर/नवप्रदेश। समर्पित संस्था के अंतर्गत चलने वाली रेलवे चाइल्ड लाइन के द्वारा बिलासपुर के स्लम एरिया के 50 बच्चों को चप्पल उपलब्ध कराई गई। इन बच्चों के पास चप्पल नहीं थी। तपती धूप में खुले पैर घूमते थे। इसके अलावा उन्हें चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने और भी आवश्यकता पर सूचित करने के लिए कहा। चाइल्ड लाइन रेलवे स्टेशन के साथ-साथ बाहर भी बच्चों के सहयोग जुड़े कार्यों को करती है। चप्पल वितरण के साथ रेलवे चाइल्ड लाइन की केंद्र समन्वयक अलका फक द्वारा बच्चों को गर्मी व लू से बचने के उपाय बताए गए व बाल श्रम, भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों की सुरक्षा व नशा करने वाले बच्चों के विषय में जानकारी दी गई। 1098 चाइल्ड लाइन के कार्यों के बारे में बताया भी विस्तार से बताया गया। बच्चों की सुरक्षा यात्रा के दौरान विशेष रूप से किया जाए भिक्षा वृत्ति वाले बच्चों को समझाया जाए कि वे ऐसा न करें और बच्चों को स्कूल भेजे।

कोविड-19 को देखते हुए बच्चों को साफ- सफाई व मास्क का उपयोग नियमित रूप से करने के लिए कहा गया। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को बताया गया की बच्चों को सही राह दिखाने का पहला कर्तव्य उनका है। माता-पिता को भी मास्क लगाने के लिए बताया गया।

टैक्स देने के बाद भी मूलभूत सुविधा नहीं, बिलासपुर कलेक्टर से शिकायत

- महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताई मोहल्ले व वार्ड की समस्या

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम में शामिल परसदा ट्रांसपोर्ट नगर में अभी भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। जबकि प्रत्येक माह पानी व हर साल मकान टैक्स लिया जा रहा है। इसके बावजूद सुविधा विहीन जीवन गुजारना पड़ रहा है। निगम प्रशासन से कई बार पानी, बिजली व अच्छी सड़क की मांग कर चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक कोई भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा सकी है। इसके चलते वहां रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर पानी नहीं मिलने से दिकत होती है।

नगर निगम के परसदा यातायात नगर वार्ड नंबर 71 के रहने वाली द्रौपती, चंपा वर्मा, उपासना मिश्रा ने अपनी शिकायत में बताया कि वार्ड में पानी की बहुत समस्या है। समय पर पानी नहीं मिलता। जल्दी नल बंद हो जाता है। इसके कारण पर्याप्त मात्रा में पेयजल नहीं मिल पाता है। यहां टैंकर से भी पानी नहीं पहुंचाया जाता। इसके चलते पूरे दिन पानी के लिए जूझना पड़ता है। कई बार तो दूसरे दिन के पानी का भी उपयोग करना पड़ता है। एक-एक बूंद पानी को सहेज कर रखना पड़ रहा है। इसकी शिकायत वार्ड पार्षद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इसके अलावा वार्ड में सड़क की समस्या है। सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। सीसी रोड की अवश्यकता है। निगम प्रशासन की ओर से यहां के रहने वालों से टैक्स लिया जाता है, लेकिन विकास कार्य नहीं कराया गया है।

इसका हिसाब कोई करने वाला नहीं है। सिर्फ पैसा वसूल रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधि मनमानी कर रहे हैं। मूलभूत सुविधा भी नहीं मिल रही है। यहां तक कि मोहल्ले में नाली तक नहीं है। बरसात के समय पानी सड़क के गड्ढों पर भर जाता है। इससे कीचड़ फैलती है। आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं ने कलेक्टर डा. सारांश मित्तर को ज्ञापन सौंपकर मूलभूत सुविधा की मांग की है।

ट्रेन में छूटा बैग तो यात्री हुए परेशान, आरपीएफ ने की मदद

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल संपत्ति व यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ आरपीएफ उनके कीमती सामानों को गुम व चोरी होने से भी बचा रही है। सूचना मिलते ही ट्रेन व स्टेशन में छूटे सामान सुरक्षित उठाकर आरपीएफ पोस्ट ले आते हैं। ऐसी ही मदद आरपीएफ ने यात्री का किया। वह ट्रेन में बैग रह जाने से परेशान थे। पर जब आरपीएफ ने उन्हें सुरक्षित बैग लौटाया तो चेहरे पर खुशी आ गई।

बिलासपुर स्थित आरपीएफ के मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष के सूचना के आधार रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के द्वारा 22512 कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के बिलासपुर रेलवे स्टेशन के आगमन पर सहायक उप निरीक्षक एसआर जागड़े, प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात महिला आरक्षक सपना के साथ ट्रेन के एस-10 कोच बर्थ नंबर-34 को अटेन करने किया और एक काले रंग का बैग बर्थ मिलने पर बैग को आरपीएफ पोस्ट बिलासपुर में जमा किया। इसके बाद सूचना मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बिलासपुर को दिया गया। जिस पर समय करीब आठ बजे एक व्यक्ति उपस्थित हुए और अपना परिचय भीमा बघेल निवासी कृष्णा कालोनी रायगढ़ बताया। उन्होंने बताया कि उनकी बहन रेखा सतनामी निवासी उल्लू बाड़ी बास बेरा असम ने सूचना दी थी कि उनका भतीजा 22512 कामाख्या एक्सप्रेस में कामाख्या से रायगढ़ रेलवे स्टेशन के लिए सफर कर रही थी।

वह अपने गंतव्य स्टेशन रायगढ़ में उतर गई, लेकिन उनका बैग ट्रेन में ही छूट गया। इसकी सूचना उनके द्वारा रेलवे सुरक्षा बल हेल्पलाइन नंबर 139 पर दी। बैग जिसमें इस्तेमाली कपड़े, खाने का सामान व कुछ जरूरी कागजात व अन्य सामान है। जांच पड़ताल व कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भीमा बघेल को बैग सुपुर्द कर दिया गया। समय पर सूचना मिल गई तो आरपीएफ उनकी मदद कर पाया, यदि उनके पहुंचने से पहले किसी चोरों की नजर पड़ जाती तो शायद बैग सुरक्षित नहीं मिल पाता। ट्रेन में इसी तरह के अपराधी घूमते रहते हैं। आरपीएफ ने हमेशा की तरह इस यात्री से भी अपील की है यात्रा के दौरान सतर्क रहें और सामान सुरक्षित रखें।

10वीं की छात्रा से गैंगरेप, आरोपी गिरफ्तार

- घर छोड़ने के बहाने कार में ले गए, बंधक बनाकर शराब पिलाई, फिर दुष्कर्म किया

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में 10वीं कक्षा की छात्रा को बंधक बनाकर दो युवकों ने गैंगरेप किया। दोनों आरोपी छात्रा के परिचित और उसकी सहेली के दोस्त हैं। सहेली से मिलने पहुंची छात्रा को घर छोड़ने के बहाने कार से हॉस्टल ले गए। वहां जबरदस्ती शराब पिलाकर दुष्कर्म किया। उसके बाद बदहवास हालत में चौक पर छोड़कर भाग निकले। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। गिरफ्तार आरोपी भाजपा नेता व पूर्व पार्षद का बेटा है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की लड़की को रविवार की देर शाम उसकी सहेली ने कॉल किया राजीव गांधी चौक पर मिलने के लिए बुलाया। रात करीब 8 बजे वह राजीव गांधी चौक पहुंची और अपने सहेली को फोन किया। उसने बताया कि वह गांधी चौक पहुंच गई है और वह कहां है। तब सहेली ने उससे कहा कि वह अपने घर में है। तब छात्रा घरवाले डांट रहे हैं, इसलिए वह नहीं आ सकती।

इस घटना के बाद दोनों युवक उसे लेकर महाराणा प्रताप चौक स्थित प्लेटिनम बार गए। वहां करीब पांच मिनट तक रहे। वहां से कार में बैठाकर जरहाभाठा मंदिर चौक लेकर आए और बीच सड़क में उसे उतारकर दोनों युवक भाग निकले।

सहेली बोली-दोस्तों के साथ चली जा

छात्रा की सहेली ने कहा कि वह नहीं आ सकती। उसके दोस्त कश्यप कॉलोनी गली नंबर-4 निवासी उसके दोस्त संतोष कुमार पमनानी उर्फ सन्नी (26) और कुम्हारपारा करबला चौक निवासी समीर खान उर्फ मुश्ताक उर्फ अशीम (19) कार लेकर आ रहे हैं, उनके साथ चली जाओ। कुछ देर बाद दोनों युवक कार लेकर राजीव गांधी चौक पहुंचे और उसे बैठाकर ले गए।

हॉस्टल में बंधक बना शराब पिलाई

इसके बाद दोनों युवक उसे पुराना बस स्टैंड करबला स्थित बॉयज हॉस्टल के एक कमरे में ले गए। वहां आरोपियों ने लड़की को बंधक बना लिया और जबरदस्ती शराब पिलाई। छात्रा के मना करने पर युवक गाली देने लगे। इसके बाद दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा भागने की कोशिश करने लगी, तब दरवाजा बंद कर दिया गया था। करीब दो घंटे तक युवकों ने उसे अपने साथ रखा।

पहली बार विवाद और याचिकाओं से परेशान सीजी पीएससी ने हाई कोर्ट में दायर किया केविएट

बिलासपुर/नवप्रदेश। परीक्षा के आयोजन के बाद लगातार बढ़ते विवाद को देखते हुए राज्य लोक सेवा आयोग ने इस बार प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से पहले ही छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। आयोग ने अपने विधि अधिकारी के जरिए केविएट दायर कर दिया है। दायर केविएट में आयोग ने कोर्ट से मांग की है कि परीक्षा के संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच और मेरिट सूची जारी करने में विवाद की स्थिति बनने और याचिकाकर्ताओं द्वारा याचिका दायर करने की स्थिति में किसी भी तरह का फैसला देने से पहले उनका पक्ष सुना जाए। आयोग ने दायर केविएट में कुछ इस तरह की गुहार कोर्ट के समक्ष लगाई है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के गठन के बीते 21 वर्षों में यह पहली मर्तबे हो रहा है जब आयोग ने प्रतियोगी परीक्षा के आयोजन करने से पहले ही हाई कोर्ट में केविएट दायर कर दिया है। आयोग के अफसर हर प्रतियोगी परीक्षा में हो रहे विवाद और सीधे हाई कोर्ट में मामला दायर करने से खासे परेशान हैं। विवाद की स्थिति से बचने के लिए इस बार पहले से ही कानूनी पहलुओं पर पुख्ता करने के मद्देनजर केविएट दायर कर दिया है। अप्रैल से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आयोग ने कैलेंडर जारी कर दिया था।

कैलेंडर जारी करने के साथ ही सबसे पहले आयोग ने विधि अधिकारी के जरिए हाई कोर्ट में सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का हवाला देते हुए केविएट दायर कर दिया है।

सड़क हादसे में जेल आरक्षक की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हुए सड़क हादसे में जेल आरक्षक की मौत हो गई है। वह पुल पर खड़ा हुआ था। उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिसके कारण उसकी जान चली गई। हादसा तोरवा थाना क्षेत्र में हुआ है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। जानकारी के मुताबिक, जेल आरक्षक बलराम निषाद सोमवार रात को गुरुनानक पुल पर पड़ा खड़ा था। उसने अपनी बाइक को भी वहीं खड़ी कर दी थी। इसी दौरान रात के वक्त हो किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और वहां से निकल गया। घटना के बाद खून से लथपथ लोगों ने उसका शव देखा था।

तेज हवा से पेड़ टूटकर तार पर गिरे, शार्ट सर्किट से गुल की बत्ती

- लोड बढ़ने से धू-धू कर जल उठा ट्रांसफार्मर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में भीषण गर्मी के चलते बिजली का लोड बढ़ गया है। इसके चलते सोमवार दोपहर सरकंडा के सीपत रोड स्थित ट्रांसफार्मर में अचानक चिंगारी उठी और धू-धूकर जलने लगी। इसके चलते आसपास के लोग दहशत में आ गए। जानकारी मिलते ही सब स्टेशन से आसपास की बिजली सप्लाई बंद कर विद्युत वितरण कंपनी की टीम मौके पर पहुंची। तीन से चार घंटे तक बिजली बंद रही। इधर, शाम होते ही तेज आंधी-तूफान के चलते कई जगह पेड़ की टहनियां बिजली तार में गिर गई और पूरी रात बिजली रुलाती रही।

सरकंडा के सीपत रोड में वर्मा क्लाथ स्टोर के सामने सोमवार दोपहर ट्रांसफर में शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी उठने लगी। देखते ही देखते चिंगारी आग की लपटों में तब्दील हो गई। फिर ट्रांसफार्मर आग से धधकने लगा। इस नजारे को देखकर स्थानीय लोग डर गए और इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में बिजली बंद करनी पड़ी। अफसरों ने बताया कि हवा से ट्रांसफार्मर का नट बोल्ट लूज हो गया था। कनेक्शन में लोड बढ़ने के कारण चिंगारी उठी होगी, जो ट्रांसफार्मर के ऑयल तक पहुंच गई और आग लग गई।

आंधी-तूफान से शहर में ब्लैक आउट

सोमवार शाम को तेज हवा और आंधी से कई जगह पेड़ की टहनिया टूट कर बिजली तार में गिर गए, जिसके कारण तार टूट गए और रात 10 बजे तक शहर के अधिकांश इलाकों में बिजली बंद रही। इंदिरा विहार सब स्टेशन में पेड़ टूटकर गिर गया था। वहीं सुभाष चौक गायत्री मंदिर के पास तार टूट गए। मुंगेली नाका सर्किट हाउस क्षेत्र में तार के ऊपर पेड़ गिर गया था, जिसके कारण बिजली सप्लाई प्रभावित रही। विद्युत वितरण कंपनी के अफसरों ने बताया कि शहर व आसपास के इलाकों में आंधी से पेड़ गिरने के कारण बिजली सप्लाई बंद हो गई थी। ज्यादातर इलाकों में रात करीब 11 बजे तक बिजली सप्लाई चालू होने का दावा किया गया। लेकिन, देर रात तक बिजली आपूर्ति बाधित रहा। वहीं, विभाग की टीम जगह-जगह सुधार कार्य में जुटे रहे।

न्यूज गैलरी

नक्सली पीड़ित दो परिवारों को 10 लाख की सहायता

बीजापुर/नवप्रदेश। भारत सरकार की वामपंथी उग्रवादी हिंसा पीड़ित परिवारों को सहायता तथा राज्य शासन की नक्सली पीड़ित पुर्नवास कार्ययोजना के तहत कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा के आधार पर नक्सली हिंसा पीड़ित दो परिवारों को 10 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके तहत मंजू बंडी तथा रीता मंडावी प्रत्येक को पांच-पांच लाख रूपए की सहायता प्रदान की स्वीकृति दी गयी है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित के नाम से तीन वर्ष के लिए सावधि जमा खाता में अंतरित की जायेगी।

शिकायत वापस लेने जपं सीईओ को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के अंतिम छोर मे बसे गांव खैरभरी के लोगों ने कुछ दिनों पहले पंच व उपसरपंच द्वारा सरपंच-सचिव व सरपंच पति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत की थी। सोमवार को जनपद पंचायत नगरी मुख्य कार्यपालन आधिकारी को आवेदन पत्र में कहा कि अज्ञानता वश शिकायत कर दी थी। जिससे शिकायत वापस लेना चाह रहे। जिसमें ग्रामीण सरपंच ईश्वरी बाई कोर्राम, सचिव रामभरोस, उप सरपंच नसीब नेताम समेत अन्य ग्रामीण व जनप्रतिनिधि शामिल रहे। वहीं सरपंच ईश्वरी बाई कोर्राम ने कहा कि उपसरपंच द्वारा 4 अप्रैल को पंचगणों को बहला-फुसलाकर शिकायत के लिए ले गया था।

ग्राहकों से ईएमआई राशि का गबन करने वाला आरोपी बैंककर्मी गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। ग्राहकों से ईएमआई राशि का गबन करने वाले आरोपी बैंककर्मी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला कांकेर थाना क्षेत्र की है। सहायक प्रबंध सूर्यकांत तिवारी पिता विश्वनाथ प्रसाद तिवारी 38 वर्ष थाना कांकेर में 17 अगस्त 2021को रिपोर्ट दर्ज कराया था एक्सिस बैंक कांकेर की ऑडिट के दौरान ज्ञात हुआ कि वर्ष 2020 के माह फरवरी में एक्सिस बैंक कांकेर ब्रांच में कृषि और ग्रामीण बैंकिंग वित्त विभाग में करने वाले आरोपी घनश्याम बनारसी पिता रजोश कुमार बनारसी निवासी मिनीमाता चौक भठैली भखारा जिला धमतरी के द्वारा बैंक में काम करते हुए ग्रामीण क्षेत्र के 30 से अधिक ग्राहकों की लोन ईएमआई की राशि प्राप्त किया परंतु आरोपी ने ईएमआई की राशि बैंक में जमा ना कर गबन कर लिया ऑडिट के दौरान बैंक को जानकारी हुई कि आरोपी द्वारा 211181 रूपये को गबन कर फरार हो गया है। रिपोर्ट पर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। जांच के बाद आरोपी घनश्याम बनारसी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पूछताछ में बताया कि एक्सिस बैंक शाखा कांकेर के ग्रामीण एवं बैंकिंग वित्त विभाग में काम करते हुए 05 अगस्त 20 से 20 अगस्त 20 तक बैंक के लोन कस्टमर से लोन ईएमआई की राशि एकत्र कर पावती रसीद तो देता था परंतु उक्त राशि को उनके खाते में जमा नहीं करता था थाना कांकेर पुलिस द्वारा विवेचना उपरांत आरोपी धनश्याम बनारसी पिता रजोश कुमार बनारसी निवासी मिनीमाता चौक भठैली वार्ड 12 भखारा को धारा 409 भादवि में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

कराते छात्रों का बेल्ट परीक्षा संपन्न, जिले के 65 छात्रों ने दिया परीक्षा

जगदलपुर/नवप्रदेश। इंटर नेशनल गोसुकु रियो कराते दो एसोसिएशन ब्रांच जगदलपुर के द्वारा तीन दिवसीय कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन स्थानीय विद्या ज्योति स्कूल प्रांगण में प्रशिक्षक अब्दुल मोईन के मार्गदर्शन किया गया। जिसमें जिले के कराते प्रशिक्षक मकसूदा हुसैन, रितिका सहा सुमन राव, शैलेंद्र सिंह, अमन चंदेल, जतिन यादव और यशवंत पांडे के द्वारा 65 छात्र-छात्राओं का बेल्ट परीक्षा लिया गया। बेल्ट परीक्षा के दौरान छात्रों की शारीरिक क्षमता रनिंग व्यायाम योग के साथ कराटे की पंच किक ब्लॉक काता व फाइटिंग बोनकाई की परीक्षा ली गई। साथ ही आत्मरक्षा के गुर के अलावा नैतिकता स्वास्थ्य मानसिक विकास को भी परखा गया। छात्रों द्वारा बड़ी मेहनत व लगन के साथ कराते की सभी मापदंडों को पूरा करते हुए अपने अपने रैंक ऐलो बेल्ट व प्रमाण पत्र हासिल किए।

कलेक्टर ने ली बैठक, जल संरक्षण के लिए बनवाएं डबरी, तालाब, कुंआ

■ कृषि एवं आनुशांगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए : कलेक्टर

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में कृषि एवं आनुशांगिक गतिविधियों उद्यानिकी, मत्स्यपालन, कुक्कुटपालन, पशुपालन आदि को बढ़ावा देने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पहल किया जाये। वहीं जल संरक्षण की दिशा में तालाब निर्माण एवं गहरीकरण, डबरी निर्माण एवं कुंआ निर्माण को व्यापक स्तर पर सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही नरवा विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेती-किसानी और कृषि के अनुशांगिक आयमूलक गतिविधियों को अपनाने के लिए किसानों तथा ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाये और उन्हे कृषि ऋण सहित आवश्यक सहायता सुलभ कराया जाये। राज्य शासन की मंशानुरूप धान के बदले अन्य फसल विशेषकर उच्चहन भूमि यथा मरहान एवं टिकरा में कोदो, कुटकी एवं रागी, मक्का, उड़द की पैदावार लेने के लिए किसानों को समझाईश देकर चयनित किया जाये। इसके साथ ही फ्लोद्यान एवं साग-सब्जी उत्पादन हेतु किसानों का चयन कर उन्हे सहायता मुहैया करायी जाये। वहीं सिंचाई सुविधा की सुलभता वाले क्षेत्रों तथा नदी किनारे के किसानों को मिर्च की खेती के लिए प्रेरित कर मदद दी जाये। कलेक्टर कटारा ने ग्रामीणों को उनकी अभिरूचि के अनुसार कुक्कुटपालन, पशुपालन, बकरीपालन एवं सूकरपालन के लिए सहायाता देने कहा। वहीं तालाब एवं डबरी की उपलब्धता वाले किसानों को मत्स्यपालन करने हेतु आवश्यक मदद प्रदान किये जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर कटारा ने जिले के सिंचाई तालाबों का गहरीकरण एवं मरम्मत हेतु तैयार प्रस्ताव के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किये जाने कहा। इसके साथ ही अमृत सरोवर के लिए चयनित तालाबों को गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होने मनरेगा के तहत रोजगारमूलक कार्यों को नियमित रूप से संचालित कर अधिक से अधिक पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवारों को रोजगार सुलभ कराये जाने के निर्देश दिए। वर्तमान में जरूरत के अनुरूप रोजगार सहायक नियुक्त किये जाने कहा।

पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने ई-केवाईसी अनिवार्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीकृत समस्त पात्र हितग्राहियों को खाता आधारित पेमेंट को बदल कर आधार आधारित किया गया है। जिन किसानों का आधार नम्बर में मोबाईल नं. लिंक नहीं होगा उनका आगामी भुगतान लंबित होगा। कृषि विभाग द्वारा सभी पंजीकृत पात्र किसानों से अपील की गई है कि वे अपने आधार नं. को अपने मोबाईल नं. से 31 मई 2022 तक लिंक कराकर ई-केवाईसी करा ले। किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से या नजदीकी ग्रामीण च्वाईस सेंटर में संपर्क कर ई-केवाईसी करा सकते है। किसान चाहे तो स्वयं ही पी.एम. किसान पोर्टल www.pmkisan.gov.in/aadharekyc.asp& में जाकर स्वयं ई-केवाईसी कर सकते है। ई-केवाईसी कराने के लिए सबसे पहले अपने मोबाईल नंबर आधार से लिंक कराना होगा। जिनका आधार नंबर आधार से लिंक नहीं है, वे आधार में मोबाईल नं. लिंक कराने हेतु आधार लोक सेवा में अपडेट कराना होगा।

पुलिस कस्टडी में युवक की मौत, कार्रवाई की मांग

कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के आह्वान पर आज कांकेर यादव समाज ने बिलासपुर के यादव समाज के छोटेलाल यादव के साथ हुई घटना जिसमें बिलासपुर के आबकारी विभाग के अधिकारी व्दारा 10 से 15 कर्मचारियों के साथ घर से छोटेलाल यादव को जबरदस्ती उठाकर ले गये और उसे शराब बेचने का आरोप लगाकर उन्हें जेल भेज दिया और उनके साथ बेदम मारपीट किया गया जिससे उसकी मौत हो गई जिसके लिए भारतवर्षीय यादव महासभा ने पुरे छत्तीसगढ़ मे सभी जिलों में ज्ञापन सौंप कर मांग कर रही है कि छोटेलाल को घर से उठाकर ले जाने वाले और पुलिस कस्टडी में हुई मौत तक सभी का जांच हो और सभी पर कार्यवाही होनी चाहिए और संलिप्त सभी पर कानूनी कार्यवाही हो और आरोपियों को उसकी सजा मिले। इस मांग को लेकर आज कांकेर मे भी यादव समाज कांकेर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप छोटेलाल यादव को न्याय मिले और उनके हत्या मे शामिल सभी अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही हो यह मांग कि गई।

इस ज्ञापन मे प्रमुख रूप से गिरधर यादव, निलेश यादव, हेमन्त यादव, किशन यादव, देवेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, सुरेश यादव, राजेश यादव, प्रशांत यादव, तरूण यादव, देवेन्द्र यादव, वीरेन्द्र यादव, केशव यादव व समाज के लोग उपस्थित थे।

राज्यसभा की एक सीट साहू समाज को देने की मांग

नगरी/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे)के जिला अध्यक्ष उत्तम साहू ने राज्य सरकार और कांग्रेस पार्टी से मांग की है कि छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की खाली हो रहे दो सीट में एक सीट साहू समाज को दिया जाए। उत्तम साहू ने पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम को लिखे पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज की जनसंख्या लगभग 57 से 60 लाख की है इतनी आबादी होने के बावजूद साहू समाज हमेशा से राजनीति में उपेक्षित रहा है जिसे राजनीतिक नेतृत्व करने के लिए छत्तीसगढ़ से राज्यसभा का एक सीट दिया जाए। उल्लेखनीय है कि देश के 15 राज्यों में 57 राज्यसभा सदस्यों के लिए निर्वाचन हेतु अधिसूचना जारी हो गया है जिसमें छत्तीसगढ़ से रिक्त हो रहे दो राज्यसभा सदस्यों का कार्यकाल 29 जून को समाप्त हो रहा है जिसका निर्वाचन 10 जून को प्रस्तावित है जिस पर खाली हो रहे 2 सीट से एक सीट पर साहू समाज को देने की मांग की है।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में ऐतिहासिक कटौती : किरण

जगदलपुर/ नवप्रदेश। पेट्रोल और डीजल की कीमतों मे ऐतिहासिक कटौती पर भाजपा छग प्रदेश महामंत्री किरण देव ने नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। वैश्विक विषम परिस्थितियों में जिनसे भारत भी अछूता नहीं है। उसमें निश्चित रूप से मूल्य कटौती का कदम केंद्र सरकार की जन आकाक्षाओं के प्रति संवेदनशीलता व प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कोरोना महामारी व रशिया, यूक्रेन युद्ध से उपजी स्थितियां असामान्य है। पूरा विश्व इस समय मंहगाई की मार से त्रस्त है। किंतु यह केंद्र की भाजपा नीत एनडीए सरकार की आर्थिक नीतियों के कौशल प्रबंधन का ही परिणाम है कि आज भारत अपनी जनता को मुफ्त वैक्सीनेशन व 80 करोड़ जनता को आपदा काल मे मुफ्त राशन मुहैया करा रहा है। यह प्रबंधन पूरे विश्व मे करने वाली एकमात्र भारत सरकार है जिसकी सरहाना मुक्त कंठ से करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र की तर्ज पर छ.ग. सरकार से भी पेट्रोलियम पदार्थों पर वैट कम कर जनता को राहत पहुंचाने की अपेक्षा की। उन्होंने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि छ.ग. सरकार के रवैये से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह प्रदेश की जनता को राहत पहुंचाने की बजाय गुमराह करने मे ज्यादा व्यस्त है।

रात में दो बच्चे हुए लापता, पुलिस ने सुबह तक ढूंढ निकाला

सूरजपुर/नवप्रदेश। पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद रात्रि में लापता हुए दो बच्चों को सुबह खोज निकाला। दोनों बच्चे पड़ोसी थे जिन्हें बरामद करने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। लापता बच्चों के मिलने की खबर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को मिली तो उन्होंने अथक प्रयास के बाद मासूमों को बरामद करने के लिए पुलिस टीम का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नगद ईनाम भी दिया। थाना सूरजपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चंदरपुर निवासी 2 मासूम बच्चे खेलने के बाद घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिले जिसके बाद सोमवार 23 मई की देर रात्रि में परिजनों के द्वारा थाना सूरजपुर में इसकी जानकारी दी गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने अत्यन्त गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ रात्रि में ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम को दोनों मासूम बच्चों की खोजबीन में लगाया। बच्चों की सकुशल बरामदगी को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी भी रात्रि में खोजबीन के इस अभियान में जुटे रहे। मासूमों को बसंलपारा सूरजपुर में पुआल में सोते हुए देखा गया जिन्हें सकुशल बरामद करते हुए चाय-बिस्किट, पानी उपलब्ध कराया गया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया जिसके बाद परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस पूरे मामले में पुलिस टीम द्वारा किये गए गुड वर्क के लिए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने पुलिस टीम को 500 रुपए नगद ईनाम से पुरस्कृत किया।

अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

तीन दिन पहले 2.15 लाख की हुई थी उठाईगिरी

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहर के स्थानीय व्यापारी अशोक दुल्हानी के साथ दो दिन पूर्व जब वे संजय बाजार स्थित अपने दुकान से अपने घर कुम्हारपारा जाने के दौरान महारानी अस्पताल के सामने उस्ताद गुपचुप सेंटर में गुपचुप खाने रूका था । उसी दौरान उसके स्कूटी से 2 लाख रुपए व एक चांदी का सिक्का और अन्य सामान को चोरी कर उठाईगिरी की घटना को अंजाम दिया गया था। रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर माल-मुलजिम की पता तलाश की जा रही थी। दौरान अनुसंधान के जगदलपुर में मिशन सिक्योंर सिटी एवं सिटी सर्विलेंस सिस्टम अतंर्गत लगाये गये सीसीटीव्ही कैमरे के आधार पर संदिग्धों की पता तलाश की जा रही थी। सीसीटीव्ही वीडियो और फुटेज के आधार पर संदेहियों के गतिविधि एवं प्राप्त फुटेज के आधार पर आरोपियों की पता तलाश किया गया जा रहा था। जिस आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को संजय बाजार क्षेत्र में पुनः दिखे जाने की सूचना मिला थी। संजय बाजार क्षेत्र में दो संदिग्धों की पहचान कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनसे पुछताछ करने पर उन्होने अपना नाम एअनिल निवासी गंजाम उडिसा एवं करन नेताम निवासी महासमुंद का होना बताये जिनेसे चोरी के संबंध में पूछताछ करने पर 22 मई को जगदलपुर के स्थानीय व्यापारी अशोक दुल्हानी का संजय बाजार से पीछा करते हुये उक्त व्यापारी रास्ते में रूक कर गुपचुप ठेला में गुपचुप खाने के दौरान मौका देखकर व्यापारी के गाड़ी की डिक्की से रूपये पैसे चोरी कर लेना स्वीकार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये राशि 2,15,000/-रूपये, एक चांदी का सिक्का, एक मोबाईल फोन और अपराध कारित प्लस मोटर सायकल बरामद कर जप्त किया गया है।

तालाब का होगा कायाकल्प, नजूल भूमि में निर्माण पर कलेक्टर ने लगाई रोक

■ वार्डवासियो के चेहरे खिले, जिलाधीश का जताया आभार

प्राचीन तालाब में हॉस्टल का गंदा पानी निकासी रोकने विरोध प्रदर्शन

कांकेर/नवप्रदेश। शहर के भंडारीपारा वार्ड 10 की पार्षद सुसीला यादव पूर्व नपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर नपा उपाध्यक्ष मकबूल खान किशन यादव सहित दर्जन भर वार्डवासियों ने भंडारीपारा के अधीनस्थ इमलीपारा के बायपास राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय के पीछे नजूल भूमि पर अवैध बाउंड्री वॉल अतिक्रमण एवं इमलीपारा के वर्षो पुरानी तालब में शौचालय के गंदा पानी के निकासी को तत्काल रोकने कलेक्टर चंदन कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। जिस पर कलेक्टर ने पार्षद व वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य तत्काल रोकने तथा प्राचीन तालाब का कायाकल्प किया जाएगा। मंगलवार को पार्षद सुशीला यादव, किशन यादव, तिजो बाई, उत्तरा महंत, उर्मिला देहरी, यशोदा देहरी, गैंदी देहरी, ममता उईके मीना सलाम, पार्वती भोयर, जयंत्री पिद्दा रामेश्वरी कोर्राम दीपा आयशा बानो शमीम बानो शबाना बानो यास्मीन बानो ने ज्ञापन सौंपने पश्चात बताया कि प्रयास के नवनिर्मित प्रयास आवासीय विद्यालय में द्वारा नजूल भूमि पर बाउंडीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा प्रयास विद्यालय के पीछे इमली पारा का प्राचीन तालाब में विद्यालय का गंदा पानी जाकर तालाब का पानी को प्रदूषित कर रहा है। जिससे आसपास गंदगी फैल रही है।और तालाब का पानी जिसका उपयोग वार्ड लोग बरसों से निस्तारी एवं मवेशियों के पानी पीने के उपयोग व नहाने एवं पीने में लाया जाता है वह प्रदूषित हो रहा है । जिससे आने वाले समय में गंदे पानी से मानव जाति सहित मवेशियों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। कलेक्टर की पहल को स्वागत योग्य कदम बताते कहा कि इमली पारा का प्राचीन तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कर तालाब को संरक्षित किए जाने कहा गया है।

मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

जगदलपुर/नवप्रदेश। मनरेगा कर्मचारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्यरत अधिकारी कर्मचारी एवं ग्राम रोजगार सहायकों के द्वारा विगत 16 वर्षों से निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से मनरेगा कर्मियों की निरंतर नियमितीकरण सहित अन्य मांगे रही है। किंतु शासन द्वारा हमारी मांगों को पर आज प्रयत्न तक कोई विचार नहीं किया गया है। आपसे अनुरोध है कि मनरेगा कर्मियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए हमारी मांगों को तत्काल पूरा करें। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि जिस तरह से हमारी मनरेगा कार्य चल रही है। नियमित रूप से आप लोगों के मांगो का भी हमनें निरंतर आगे लेकर आये है और उसका निदान जरूर किया जायेगा और हमारी सरकार की मंशा अनुरूप जितने भी घोषणा किये थे, उसका जनाधार रूप से पूरा किया जा रहा है और आप निश्चित रहे जो वादे किये गए है उसको नियमित रूप से पूरा किया जायेगा।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 1319/NIT-1/2022-2023/व.ले.लि. दिनांक 20/05/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 01/06/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 09/06/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि :- 10/06/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

समस्त कार्यों हेतु :-

निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रुपए, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवधि 12 माह, टेन्डर नं. 002 एवं 011 हेतु 18 माह वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

एनआईटी क्र. 1 निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls (प्रथम आमंत्रण)	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु. में)
1	2	3
T0001	वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय प्रतापपुर के अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	7.48-5610.00-112200.00
T0002	जिला सूरजपुर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन पोड़ी विकासखण्ड रामानुजनगर में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	6.27-5000.00-94050.00
T0003	जिला सूरजपुर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कून भवन ओड़गी में विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य)	6.27-5000.00-94050.00
T0004	वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत तहसील कार्यालय रामानुजनगर,लो.नि.वि. सेतु कार्यालय सूरजपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवनगर में विद्युतीकरण कार्य। (विशेष मरम्मत कार्य)	1.42-2000.00-21300.00
T0005	वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत शासकीय आवासगृह जी टाईप, एच. टाईप एवं एफ टाइप क्वार्टर सूरजपुर में विद्युतीकरण कार्य। विशेष मरम्मत कार्य	2.77-2770.00-41500.00
T0006	सूरजपुर जिले के अंतर्गत मिनी स्टेडियम सालका विकासखंड भैयाथान में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य	4.50-4500.00-67500.00
T0007	सूरजपुर जिले के अंतर्गत मिनी स्टेडियम सुन्दरगंज विकासखंड सूरजपुर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	4.50-4500.00-67500.00
T0008	सूरजपुर जिले के अंतर्गत मिनी स्टेडियम लान्जित विकासखँड ओड़गी में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	4.50-4500.00-67500.00
T0009	सूरजपुर जिले के अंतर्गत मिनी स्टेडियम तिलसिवा विकासखंड सूरजपुर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	4.50-4500.00-67500.00
T0010	सूरजपुर जिले के अंतर्गत रेवती रमन मिश्र शासकीय महाविद्यालय सूरजपुर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	6.91-5200.00-103650.00
T0011	वि./यां. उपसंभाग सूरजपुर के अंतर्गत संभावित जमा मद कार्य/लघुमूल कार्य के तहत शासकीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	10.00-7500.00-150000.00
T0012	सूरजपुर जिले के अंतर्गत 4 नग जी टाईप क्वार्टर सूरजपुर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	5.65-5000.00-84750.00
T0013	सूरजपुर जिले के अंतर्गत ग्राम चेन्द्रा विकासखँड ओडगी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	6.69-5020.00-100350.00
T0014	सूरजपुर जिले के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय कल्याणपुर ब्लाक सूरजपुर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	1.92-2000.00-28800.00
T0015	सूरजपुर जिले के अंतर्गत शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय कृष्णापुर ब्लाक रामानुजनगर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	1.92-2000.00-28800.00
T0016	सूरजपुर जिले के अंतर्गत संभावित शासकीय गैर आवासीय भवनों में सबमर्सिबल पम्प स्थापित हेतु। सिविल जमा कार्य।	6.07-5000.00-91100.00
T0017	बलरामपुर जिले में ब्लाक बलरामपुर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन जाबर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	5.81-5000.00-87100.00
T0018	बलरामपुर जिले में ब्लाक वाड्रफनगर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन महेवा में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	5.81-5000.00-87100.00
T0019	बलरामपुर जिले में ब्लाक वाड्रफनगर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन हरिगंवा में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	5.81-5000.00-87100.00
T0020	बलरामपुर जिले में ब्लाक राजपुर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन सिंगचौरा में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	5.81-5000.00-87100.00
T0021	बलरामपुर जिले में ब्लाक बलरामपुर के अंतर्गत थाना चांदो में डबल स्टोरी बैरक का विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	1.64-2000.00-24600.00
T0022	बलरामपुर जिले में ब्लाक रामानुजगंज के अंतर्गत लरंगसाय डिग्री कालेज बहुउद्देशीय हॉल में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	2.97-2970.00-44550.00
T0023	बलरामपुर जिले में ब्लाक वाड्रफनगर के अंतर्गत शासकीय औषधालय भवन बलंगी में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	1.36-2000.00-20400.00
T0024	बलरामपुर जिले के अंतर्गत निःशक्तजन भवन/विकलांग पुनर्वास/बलरामपुर में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	5.88-5000.00-88200.00
T0025	बलरामपुर जिले के अंतर्गत सनावल मिनी/इंडोर स्टेडियम में विद्युतीकरण कार्य। (बजट कार्य)	5.00-5000.00-75000.00
T0026	सरगुजा जिले के अंतर्गत राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय अंबिकापुर में 06 नग अतिरिक्त कक्ष में विद्युतीकरण कार्य। सिविल जमा कार्य।	9.18-6885.00-137650.00
T0027	बलरामपुर जिले के अंतर्गत जिला चिकित्सालय बलरामपुर में एल.ई.डी. ग्लो साइन बोर्ड का संस्थापन कार्य। जमा कार्य।	3.03-3026.00-45400.00
T0028	सरगुजा जिले में ब्लाक लुण्ड्रा के अंतर्गत पशु चिकित्सालय लमगांव का विद्युतीकरण कार्य। जमा कार्य।	1.61-2000.00-242112.00
T0029	सरगुजा जिले में ब्लाक लुण्ड्रा के अंतर्गत आयुर्वेदिक औषधालय उदारी का विद्युतीकरण कार्य। जमा कार्य।	1.40-2000.00-20992.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग
अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

जी-91441/3

हसदेव नदी के तट पर फॉसिल्स पार्क बनाना प्रकृति और जनता के साथ मजाक : आप

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की हसदेव नदी के तट पर फॉसिल्स पार्क बनाया की घोषणा को आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ की जनता को गुमराह करने व मजाक करने के समान बताया है। आप ने कहा कि प्राकृतिक रूप से हरे भरे क्षेत्र हसदेव अरण्य में उद्योगपतियों के लाभ हेतु जंगल काटना, जिंदा जीव जंतुओं की सुरक्षा और सरंक्षण तो दूर फॉसिल पार्क बनाना पर्यावरण के साथ क्रूर मजाक है। यह जनमानस के साथ भी खिलवाड़ करने जैसा है कि जीवो और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा कर नुकसान का संग्रहण करना और संग्रहालय बनाना। पर्यावरण के जानकर इससे होने वाली हानि को हजारों साल में भारपाई नहीं हो पाना बता रहे है। इसके बावजूद राज्य सरकार इस पर तनिक भी विचार नहीं कर रही है और तरह तरह से लोक लुभावन आडंबर कर कोयला खदान शुरू करने का षड्यंत्र रच रही है। आम आदमी पार्टी के खदान चालू करने के आदेश को रद्द करने के निवेदन के बाद भी यदि प्रदेश सरकार ऐसा करेगी तो आम आदमी पार्टी सत्याग्रह का मार्ग अपनाएगी और पूरे प्रदेश में सत्याग्रह करेगी।

खाद को लेकर सड़क पर सियासत

भाजपा के किसान नेताओं ने सहकारी समिति का किया घेराव, कहा- किसानों को दे रहे घटिया खाद

■ रायपुर में भाजपाइयों का पैदल मार्च

रायपुर/नवप्रदेश। हाथों में गोबर लिए भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के नेता सोमवार को सड़कों पर उतरे। यह सभी नेता जोरा स्थित सहकारी समिति के दफ्तर का घेराव करने पहुंचे। हाथों में गोबर लिए भाजपा नेताओं ने समिति दफ्तर के बाहर जमकर नारेबाजी की। किसान मोर्चा के नेता गौरीशंकर श्रीवास ने समिति के अफसरों पर भ्रष्टाचार करने का गंभीर आरोप लगाया। श्रीवास ने बताया कि किसानों को घटिया क्वालिटी की खाद दी जा रही है। इससे सीधा असर किसान की आमदनी पर पड़ रहा है। हंगामा करते हुए भाजपा नेताओं ने एक ज्ञापन भी सौंपा है, जिस पर कार्यवाही नहीं होने पर आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी गई। भाजपा नेताओं का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में किसान विरोधी नीतियां चलाई जा रही है। हालातों से परेशान होकर सैकड़ों किसान आत्महत्या कर चुके हैं।

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों को यूरिया खाद 625 रूपए प्रति क्विंटल उपलब्ध करा रही है। वहीं प्रदेश में किसानों को अमानक और घटिया खाद रेत, मिट्टी मिला गोबर लेने के लिए प्रति एकड़ 3 बोरी (90किलो) 1000 रूपए क्विंटल में लेने के लिए बाध्यता कर किसानों को लूटने का काम हो रहा है।

भूपेश सरकार ने किसानों की दाना-दाना धान खरीदने वादा किया था। चूंकि छत्तीसगढ़ में रवि की फसल भी पर्याप्त में होती है अतः पूरे प्रदेश में किसानों से रवि फसल की खरीदी 2500 रूपए प्रति क्विंटल में तत्काल प्रारंभ की जाए। कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूर्व सरकार के लंबित 2 वर्षों के धान बोनस देने का वादा किया था लेकिन आज साढ़े 3 वर्ष से अधिक हो गए है बकाया बोनस की राशि तत्काल किसानों को जारी की जावे।

प्रति वर्ष गिरदावरी के नाम पर किसानों के रकबे में लगातार कटौती हो रही है। कहीं मेढ़ काटे जा रहे है कहीं खेत ही कम कर दिया जा रहा है जिससे पूरे प्रदेश के किसान आक्रोशित है, किसान के संपूर्ण खेतीहर रकबे का 15 क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी की जाए।

भाजपा किसान मोर्चा की ये हैं मांगें

प्रदेश के सभी किसानों को प्रति एकड़ 3 बोरी (90 किलो) गोबर खाद खरीदी की बाध्यता समाप्त कर किसानों को एच्छिक रूप से वर्मी कंपोस्ट खरीदने की छूट दी जाए। वर्मी कंपोस्ट मानक हो तथा रेत व मिट्टी मिली हुआ न हो। राजीव गांधी न्याय योजना के अंतिम किस्त की राशि में 30 से 50 प्रतिशत तक की कटौती करते हुए करीब 470 करोड़ की राशि किसानों को कम जारी की गई है। इस अंतर की राशि को तत्काल किसानों को जारी किया जाए।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 56 अफसरों का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 56 अफसरों का तबादला किया है। इसे लेकर मंत्रालय के सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से सोमवार देर शाम को दो अलग-अलग आदेश जारी किया। इस तबादला आदेश में नगर निगम के कमिश्नर, जनपद पंचायतों के सीईओ, जिलों के संयुक्त कलेक्टर, अपर कलेक्टर व डिप्टी कलेक्टर रैंक के अफसर प्रभावित हुए। कुछ अफसर एक ही जगहों पर लंबे अरसे से जमे हुए थे। नए आदेश से 2013 बैच के अफसर प्रेम कुमार पटेल को जगदलपुर नगर निगम के आयुक्त पद से हटाकर नवा रायपुर विकास प्राधिकरण का महाप्रबंधक बनाया गया है। जगदलपुर में उनकी जगह दिनेश कुमार नाग को आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। 2014 बैच के नाग अभी तक बस्तर जिले में संयुक्त कलेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। धमतरी नगर निगम से 2015 बैच के मनीष मिश्रा का तबादला रायगढ़ में संयुक्त कलेक्टर के पद पर कर दिया गया है। उनकी जगह पर 2015 बैच के ही विनय कुमार पोयाम को रायगढ़ नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। पोयाम अभी तक दुर्ग जिले में संयुक्त कलेक्टर थे। इसके अलावा अन्य अफसर शामिल हैं।

पूर्व भाजपा की सरकार ने ओबीसी वर्गो को अधिकार से वंचित रखा

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व की भाजपा रमन सरकार ने छत्तीसगढ़ में ओबीसी वर्ग को उनके अधिकार से वंचित रखा। भाजपा आरक्षण को लेकर हमेशा राजनीति करते रही है। भाजपा की मातृत्व संस्था आरएसएस के लोगों ने कई बार सार्वजनिक तौर पर आरक्षण समाप्त करने की बात करते रहे है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश सरकार आते ही देश की पहली राज्य है जो क्वांटी फायबल डाटा (ओबीसी) वर्ग का सर्वे करवाई है जो ऐतिहासिक कदम है। ओबीसी वर्ग को अब 27 प्रतिशत आरक्षण मिलना तय है। भूपेश है तो भरोसा है। भाजपा के कथनी और करनी में बेहद अंतर है।

भाजपा सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाना साथ ही राजनीतिक रंग देना देश में सौहार्द वातावरण बिगाड़ना इनका कार्य ही देश की जनता के साथ खिलवाड़ करना। ओबीसी कांग्रेस के द्वारा भूपेश सरकार की ओबीसी वर्ग को कानूनी अधिकार दिलाने की जा रहे कार्यो का आभार व्यक्त करेंगे। फूल चौक नवीन बाजार के पास खूबचंद बघेल स्थल पर 11 बजे सभी ओबीसी कांग्रेस पदाधिकारियों के नेतृत्व में किया जायेगा।

छग क्रिकेट काउंसिल का गठन, छत्तीसगढ़िया खिलाड़ियों को मिलेगा अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट परिषद नए क्रिकेट संघटन के गठन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। गठन के बाद संस्था में मेंबरशिप प्रारंभ की जा रही है, जिसमें प्रदेश के पूर्व व वर्तमान क्रिकेट खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को सदस्यता प्रदान की जायेगी, जिन्हें वोटिंग के साथ उच्च पदों में पदाधिकारी बनने का अधिकार भी प्रदान किया जायेगा। संस्था में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत आमसभा बुलाकर पदाधिकारियों का चयन एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जायेगी। प्रदेश के सभी 32 जिलों में संगठन तैयार कर क्रिकेट एकेडमियों की स्थापना कर हजारों खिलाड़ी, अच्छे प्रशिक्षक एवं अन्य टेक्निकल व्यक्ति तैयार किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ खेल महासंघ के प्रदेश संयोजक अधि. प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि छत्तीसगढ़ में हजारों प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिनमें से बहुत सीमित संख्या में ही खिलाड़ी क्रिकेट संघ में चयनित हो पाते हैं और हजारों की संख्या में हुनरमंद खिलाड़ी जिन्हें और कहीं अवसर नहीं मिल पाता था जिससे उनमें भारी निराशा थी। इस वजह से ये खिलाड़ी टेनिस बॉल क्रिकेट खेल कर अपना भविष्य खराब कर रहे थे। छत्तीसगढ़ में क्रिकेट के किसी भी बड़े आयोजन को कराने के लिए क्रिकेट संघ की अनुमति लेना अनिवार्य होता है, किंतु टेक्निकल समस्या की वजह से आयोजकों को बड़े आयोजन की अनुमति नही मिलती है। प्रदेश में CPL-T20 छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रातियोगिता के लिए भी हमारे द्वारा क्रिकेट संघ से लगातार 3 वर्षो तक 20 से ज्यादा बार आवेदन देकर अनुमति मांगी गई किंतु क्रिकेट संघ के द्वारा स्वीकृति प्रदान करने में असमर्थता जताई गई, जिससे हजारों खिलाड़ियों को नुकसान उठाना पड़ रहा था, जब आयोजकों ने खेल और खिलाड़ियों के पक्ष में बिना अनुमति प्रतिस्पर्धा करानी चाही तो क्रिकेट संघ ने प्रातियोगिता के ठीक पहले प्रदेश में कार्यरत अंपायर्स, स्कॉरर्स, पिच क्यूरेटर्स एवं अन्य टेक्निकल सहायकों के साथ हमसे जुड़े खिलाड़ियों को प्रातियोगिता में शामिल होने से मनाकर दिया गया, जिससे प्रातियोगिता ना हो सके, लेकिन खिलाड़ियों के जज्बे और आयोजकों की दृढ़ इक्षाशक्ति से आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो पाया।

कैसे एक्साइज ड्यूटी कम होने का भार राज्यों पर नही पड़ेगा : कांग्रेस

■ सीतारमण महंगाई के लिये बड़ी कंपनियों को जिम्मेदार मानती है तो कार्यवाही क्यो नही करती?

रायपुर/नवप्रदेश। वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा यह कहना कि डीजल-पेट्रोल पर केन्द्र द्वारा कम किये गये एक्साइज ड्यूटी का राज्यों के ऊपर कोई भार नही पड़ेगा सफेद झूठ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि वित्त मंत्री को स्पष्ट करना चाहिये कि राज्यों पर इसका भार कैसे नही पड़ेगा? केन्द्र के कर नीति के तहत पेट्रोलियम पदार्थो के सेन्ट्रल एक्साइज कर का 41 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को मिलता है फिर सेन्ट्रल एक्साइज की कमी का राज्यो पर भार नही पड़ने के वित्तमंत्री के बयान का आधार क्या है? क्या वित्त मंत्री केंद्र सरकार पेट्रोलियम के एक्साइज ड्यूटी केन्द्र ओर राज्य के हिस्सों के लिये कुछ नया प्रावधान किया है वित्त मंत्री को स्पष्ट करना चाहिये?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश की जनता जानती है कि मोदी सरकार की प्राथमिकता में गरीब, किसान और बेरोजगार नहीं बल्कि उद्योगपति, मुनाफाखोरी और व्यापार है। जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है तब से उद्योगपतियों और व्यापारियों को लाभ पहुंचाने के लिए संविधान और आम लोगों के जनजीवन से खेलने का काम कर रही है। केंद्र में आते ही मोदी सरकार ने भू अधिकार कानून में संशोधन करने का कुत्सित प्रयास किया था कि उद्योगपतियों को आम लोगों की जमीन हड़पने में आसानी हो मगर कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए निरंतर आंदोलनों के कारण भाजपा इस कानून को लागू नहीं कर पाई। हाल ही में देश के कृषि व्यवस्था पर उद्योगपतियों का एकाधिकार स्थापित करने के लिए तीन असंवैधानिक कृषि कानून लाए गए जिसके द्वारा जमाखोरी और कालाबाजारी को बढ़ावा तो मिलता ही साथ ही देश का किसान पूंजीपतियों का गुलाम बन जाता। इस कानून को लागू करने के लिए उद्योगपतियों की गुलाम मोदी सरकार इस कदर उत्सुक थी की लाखों किसानों का आंदोलन और 700 किसानों की मृत्यु का भी सरकार पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा था।

महंगाई के लिए कंपनियों का गठजोड़ जिम्मेदार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अगर निर्मला सीतारमण यह मानती है कि देश में भीषण महंगाई के लिए कंपनियों का गठजोड़ जिम्मेदार है तो उन्हें यह भी मान लेना चाहिए कि कंपनियों का यह गठजोड़ मोदी सरकार के पूंजीवादी नीतियों का परिणाम है। इसके पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी सीमेंट और स्टील उद्योग में कंपनियों द्वारा गठजोड़ की बात मान चुके हैं। देश के भीतर यदि निजी कंपनियां गठजोड़ बना कर जमाखोरी और कालाबाजारी कर रही है तो इसका सीधा मतलब यह है कि इन कंपनियों को मोदी सरकार का संरक्षण प्राप्त है और मोदी सरकार इन कंपनियों द्वारा की जा रही मुनाफाखोरी में बराबर की हिस्सेदार है। मोदी सरकार इन मुनाफाखोर कंपनियों के खिलाफकार्यवाही क्यों नहीं करती हैं? मोदी सरकार अपने पाप को कंपनियों के ऊपर डाल कर बच नहीं सकती क्योंकि देश की जनता भाजपा के पूंजीवादी चरित्र को अच्छी तरह समझ चुकी है।

सीएम किसानों को फसल बीमा दावा राशि वितरण का किया शुभारंभ

■ डेढ़ लाख किसानों को मिलेगी 307.19 करोड़ रूपए की दावा राशि

■ राज्य के 17 जिलों के किसान होंगे लाभान्वित

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सुदूर अंचल दंतेवाड़ा से आज राज्य के किसानों को बड़ी सौगात देते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं उद्यानिकी फसलों की मौसम आधारित बीमा दावा राशि के वितरण का शुभारंभ किया। रबी एवं उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना के तहत राज्य के 17 जिलों के लगभग डेढ़ लाख किसानों को 307 करोड़ 19 लाख रूपए की दावा राशि मिलेगी। किसानों को रबी फसलों के बीमा दावा का भुगतान के मामले में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है।

मुख्यमंत्री ने राज्य के किसानों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसानों की भलाई के लिए राज्य में सभी कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, सांसद श्री दीपक बैज, विधायक श्रीमती देवती कर्मा, विधायक श्री विक्रम मंडावी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी मौजूद थे। कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.कमलप्रीत सिंह, संचालक कृषि श्री यशवंत कुमार, संचालक उद्यानिकी श्री माथेश्वरन वी. वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए।

यहां यह उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के सिलसिले में बस्तर अंचल के दौरे पर हैं। किसानों को फसल बीमा दावा राशि के भुगतान में विलंब न हो, इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर से इस कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बजाय दंतेवाड़ा से ही ऑनलाईन शुभारंभ किया। इससे पूर्व गोधन न्याय योजना की राशि का वितरण उन्होंने सरगुजा संभाग मे भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान रामानुजगंज से किया था।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 21 मई को राज्य के 26 लाख 67 हजार किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना तथा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत 1804 करोड़ रूपए तथा आज फसल बीमा दावा के रूप में 307.19 करोड़ रूपए के भुगतान के लिए कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे सहित विभागीय अधिकारियों बधाई दी और कहा कि मात्र चार दिनों की अवधि में राज्य के किसानों को 2111 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत राज्य के 17 जिलों के लगभग एक लाख 45 हजार किसानों को 297 करोड़ 9 लाख रूपए तथा उद्यानिकी फसलों के मौसम आधारित बीमा योजना के अंतर्गत 4747 कृषकों को 10 करोड़ 10 लाख रूपए का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खरीफ 2021 में राज्य के 3 लाख 97 हजार कृषकों को 752 करोड़ रूपए की दावा राशि का भुगतान किया गया है। कुछ किसानों को दावा राशि का भुगतान न मिलने की जानकारी मिली है। इसका परीक्षण कराकर दावा भुगतान के निर्देश दिए गए हैं।

ए मां सेवा समिति में नई रोटी मशीन का लोकार्पण सत्यनारायण शर्मा द्वारा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर शहर में एम्स हॉस्पिटल के मरीजो के परिजनों लिये रायपुर के 3 बड़े अस्पताल मेकाहारा डीकेएस एवं एम्स निःशूल्क भोजन दूत रूपी शहर की ए मां भोजन सेवा समिति जो विगत 3 वर्षों से प्रतिदिन बिना रुके भोजन व्यवस्था करते आ रही है , यह सेवा जरूरतमंदों के लिये किसी बहुमुल्य सहारे से कम नही है। जो उन्हे हालात से लड़ने के लिये हिम्मत देते है। किसी अनजान शहर में अपने परिजनों के लिये रुके लोंगो को दो समय के भोजन के लिये सहारा बनी यह संस्था दानदाताओ के सहयोग से 3 वर्ष से भोजन की निरन्तर सेवा निःशुल्क कर रही है और मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से आगे भी करेगी, अब इसी कड़ी में समिति द्वारा अत्यंत गरीब, निर्धन वर्गों के मरीजों के लिये सेवा चालू रखेगी इसी कड़ी में आज फुल्ली ऑटोमैटिक रोटी मशीन का विधिवत पूजन के साथ लोकार्पण सत्यनारायण शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया.सत्तू भैया के द्वारा संस्था के सेवा से प्रभावित होकर 51000 हजार रुपये की राशि दान दी गई. इस अवसर पर संस्था के संरक्षक राममणि यादव, निर्मला गोयनका वरिष्ठ सहयोगी राधे राधे दीदी, रश्मि दीदी नीतू दीदी ब्रह्मा दीदी संजय मिश्रा नरेश नामदेव और दैनिक दबंग स्वर के प्रधान संपादक पंडित पीके तिवारी उपस्थित रहे।

फूड प्वाइजनिंग से नर्सिंग कॉलेज की 25 छात्रा बीमार

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित सृष्टि नर्सिंग कॉलेज की 25 छात्राओं की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई। उन्हें आनन-फानन में कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत ठीक बताई जा रही है। डॉक्टरों ने छात्राओं के फूड प्वाइजनिंग की आशंका जाहिर की है। हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि तेज गर्मी से तबीयत खराब हुई है। मेस का खाना ठीक है। जानकारी के मुताबिक, सृष्टि नर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल में 45 छात्राएं रहती हैं। इनमें से 25 की सोमवार को तबीयत बिगड़ गई। एक साथ इतनी छात्राओं को उल्टी और बीमार होते देख कॉलेज में हड़कंप मच गया। उन्हें तत्काल ही मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद 19 छात्राओं को छुट्टी दे दी गई। हालांकि अभी भी 6 छात्राएं अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि फूड प्वाइजनिंग के कारण छात्राओं की तबीयत बिगड़ी है। अस्पताल प्रबंधन भी इस बात को स्वीकार कर रहा है, लेकिन पूरी तौर पर नहीं।

राज्य के कई स्थानों पर हो सकती है हल्की बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। रविवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अधिकांश शहरों में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन देखने को नहीं मिला. इन जगहों पर अधिकतम तापमान 38 से 41 डिग्री दर्ज किया गया. सोमवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश और अंधड़ चलने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है. 25 मई से नौतपा की शुरुआत होने जा रही है. नौतपा का असर 2 जून तक रहेगा. लेकिन 24 से 26 मई तक प्रदेश के अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से झारखंड तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है. एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा तटीय ओडिशा के पास 2.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. जिसके प्रभाव से सोमवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं. एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ भी चल सकती है. इस दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

समस्या का समाधान ही एक सफल उद्यम को जन्म देता है

रायपुर/नवप्रदेश। आज के समय में समस्या का समाधान ही एक सफल उद्यम को जन्म देता है, नए समय के स्टार्टअप कल्चर में ta&ation एवं व्यवसाय के लाइसेंसिंग की जटिलता के समाधान को देखते हुए आज रायपुर में एक विशेष नवोन्मेषी बिज़नेस मॉडल द टैक्स फर्म का शुभारंभ आज दिनांक 23.05.22 को रायपुर नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम अध्यक्ष (स्पीकर) प्रमोद दुबे के द्वारा हुआ, द टैक्स फर्म के नाम से नवस्थापित प्रतिष्ठान आमजन को अत्यंत ही सरल प्रक्रिया से आयकर जीएसटी, व्यवसायिक पंजीयन एवं नए स्टार्टअप के सफल संचालन हेतु ऑनलाइन सुविधा न्यूनतम दर में प्रदान करता है ।

द टैक्स फर्म के संस्थापकों के अनुसार फर्म के माध्यम से अनेकों युवाओं को रोज़गार एवं आत्मनिर्भर बनने का भी अवसर प्राप्त होगा, विमोचन कार्यक्रम वरिष्ठ कांग्रेस महामंत्री अविनय दुबे के सहयोग से संपन्न हुआ एवं विमोचन के अवसर पर रायपुर कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष गिरीश दुबे का भी आशीर्वाद प्राप्त हुआ, सभापति महोदय प्रमोद दुबे ने मॉडल की प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत उत्तम प्रभावशाली एवं समयानुकूल बताया।

कार्यक्रम में फर्म की संस्थापक सदस्य अधिवक्ता अचला शर्मा, एमडी शिवमोहन शर्मा तकनीकी प्रभारी अधिवक्ता आशीष शर्मा एवं अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

रासेयो राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हम विविध समुदाय से जुड़ सकते हैं : पंकज सिंह

व्यक्तित्व विकास में सहायक है एनएसएस : राज्यपाल उइके

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना देश के युवाओं के सर्वांगीण विकास में विशेष भूमिका का निर्वहन कर रहा है। व्यक्तित्व के विकास से लेकर विविध समुदाय से जुड़ने का यह अहम माध्यम भी है। यह बातें राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एकता शिविर-2022 में अतिथियों ने कहीं।

राष्ट्रीय सेवा योजना, रायपुर के जिला संगठक डॉ. एल.एस. गजपाल ने बताया कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार व क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय एकता शिविर 2022 का आयोजन यहां 21 से 27 मई तक श्री रामचन्द्र मिशन योग आश्रम, अमलेश्वर में किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्ति में नेतृत्व व व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है। अगर हम दृढ़ संकल्पित होकर काम करे तो कोई भी काम कठिन नही होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, नई दिल्ली के निदेशक आईपीएस श्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुडकर हम समाज की सेवा कर सकते है, हमे निरंतर समुदाय के मध्य रहकर काम करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ. केशरी लाल वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है जो हमें विभिन्न अवसर प्रदान करता है। इसके पूर्व क्षेत्रीय निदेशक एएस कबीर ने स्वागत उदबोधन दिया तथा अतिथियों को शिविर के उद्देश्यों से अवगत कराया। राज्य एन एस एस अधिकारी व पदेन उपसचिव उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन डॉ समरेंद्र सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. एल.एस. गजपाल ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम समन्वयक डॉ नीता वाजपेयी पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी रायपुर की संगठन व्यवस्था में किया जा रहा है। सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के कुल 12 राज्यों के 210 स्वयंसेवक शिरकत कर रहे हैं। उदधाटन पश्चात प्रतिदिन इस शिविर में प्रातः योग अभ्यास व प्राणायाम, विविध विषयों पर आधारित बौद्धिक सत्र व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सायंकाल में राष्ट्रीय सेवा योजना देशी खेलों का आयोजन किया जाएगा तथा विविध संस्कृति को समेटे हुए इस शिविर में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न राज्यो की टीम अपनी लोककला व लोक संस्कृति का प्रदर्शन करेंगीं।

कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने अविवादित बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन, पटवारी प्रतिवेदन, खाता विभाजन, डायवर्सन, किसान-किताब, आधार पंजीयन, बी-वन का पाठन सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की और लंबित राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ई-कोर्ट के लंबित प्रकरण पंजीयन, अभिलेखों का संधारण आदि की समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रगति की भी जानकारी प्राप्त की और इन वर्गों के विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने पुलिस और राजस्व विभाग द्वारा सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे जनचौपाल के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने आयोजित जनचौपाल का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं, मानव संसाधन, अधोसंरचना विकास, मेडिकल उपकरण, पेयजल, बिजली, ओपीडी संख्या, दवाई एवं कीट की उपलब्धता आदि की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण जानकारी के साथ उपस्थित नहीं होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और आगामी बैठक में आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी की संख्या मे प्रगति और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले में संचालित चिरायु योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली और आंगनबाड़ी केंद्रों का विजिट कर बच्चों का स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ और बीएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की दवा पर्ची में जेनेरिक दवा ही लिखा जाए। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन की प्रगति की जानकारी ली और बड़े ग्रामों में कोविड वैक्सीनेशन हेतु शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

जलाशयों व एनीकट के खराब गेट को सुधारने विभाग ने झोंकी पूरी ताकत

रामानुजगंज/नवप्रदेश। बारिश के पूर्व जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत आने वाले सभी जलाशयों एवं एनीकट गेट मरम्मत के लिए विभाग ने पूरी उर्जा झोंक दी है। संभाग के अंतर्गत सभी जलाशयों के खराब गेट को सुधारने के लिए तेजी से काम किया जा रहा हौ दर्जनों जलाशयों के गेट सुधार दिए गए। वही दर्जनों जलाशयों के गेट सुधारने का कार्य चल रहा है। गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 के अंतर्गत आने वाले एनीकट एवं जलाशयों के गेट मरम्मत एवं सुधार के नाम पर लाखों रुपए आहरित कर लिए जाते थे परंतु कार्य सिर्फ कागजों में होता था। जल संसाधन संभाग क्रमांक 2 रामानुजगंज में कार्यपालन अभियंता का प्रभार संजय ग्रायकर के द्वारा लेने के बाद ही तत्काल

संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जलाशयों का जायजा विभाग के अधिकारियों के साथ जाकर लिया एवं बरसात के पूर्व सभी जलाशयों के सूलुस गेट सुधारने के लिए विभाग के द्वारा अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दी है। एक साथ दर्जनों जलाशयों के गेट सुधारने का कार्य किया जा रहा है दर्जनों जलाशयों के गेट सुधर गए हैं वहीं दर्जनों जलाशयों के गेट सुधारने का कार्य हो रहा है।

इन एनिकट एवं जलाशय का सुधर गया गेट

रामचंद्रपुर जलाशय, बाहरचुरा जलाशय, कामेश्वर जलाशय नया, कामेश्वर जलाशय पुराना झारा जलाशय, अनमूल जलाशय, पिपरपान जलाशय, आनंदपुर जलाशय,रामानुजगंज कन्हर एनीकट सुंदरपुर एनीकट, पांगन एनिकट ब्याही महुआ एनीकट, टेमना एनीकट,बगई घाट नाला एनीकट हल्दी पचावल जलाशय, परसा टोली जलाशय, देवीगंज जलाशय, देवगई जलाशय, चंदनपुर जलाशय,सगसोती सहित अन्य जलाशयों गेट सुधार का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में विभाग के ईई संजय ग्रायकर ने बताया कि बरसात के पूर्व हम लोगों का प्रयास है कि संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जलाशयों एवं एनिकट के गेट को सुधार दिया जाए जिसके दिए तेजी से कार्य कराए जा रहे हैं हमारा प्रयास है कि 10 जून के पूर्व सभी जलाशयों एवं एनीकट गेट सुधार हो जाय जिसके लिए हम सब के द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा हैं।

लाखों लीटर पानी की हो रही थी बर्बादी

कई ऐसे जलाशय थे जिनके गेट खराब होने कारण पानी निकल जाता था एवं गर्मी के दिन में पानी से सूख जाते थे परंतु अब गेट बन जाने से पानी जलाशयों में भरा रहेगा। रामानुजगंज के कन्हर एनिकट का गेट विगत 5 वर्षों से खराब था परंतु इसे सुधारने के लिए तत्कालीन अधिकारियों ने रुचि नहीं ली वही जल संसाधन विभाग के नव पदस्थ कार्यपालन अभियंता के प्रयासों से 5 वर्षों के बाद के कन्हर एनिकट का गेट सुधारा जा सका।

डबरी निर्माण के बाद शहरवासियों के लिए नियमित हो रही पेयजल आपूर्ति

रामानुजगंज/नवप्रदेश। कन्हर नदी के सूखने के बाद नगर में नगर पंचायत के द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति करना मुश्किल हो गया था। स्थिति यह हो गई थी कि वार्डो में पानी नहीं पहुंच पा रहा था जिस कारण टैंकर का सहारा लेना पड़ा था। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में नगर पंचायत के द्वारा विशाल डबरी का निर्माण कराया गया जो नगर पंचायत के नियमित पेयजल आपूर्ति के लिए वरदान साबित हो रहा है। नगर पंचायत के द्वारा बनाए गए विशाल डबरी से दोनों टाइम भरपूर पानी सप्लाई नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में कन्हर नदी के पूर्णता सूख जाने के बाद नगर में पेयजल संकट गहराता जा रहा था मई के पहले पखवाड़े में तो स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई थी जिसके बाद कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल नगर पंचायत को विशाल डबरी के निर्माण के निर्देश दिए थे जिसके बाद उनके मार्गदर्शन में विशाल डबरी का निर्माण किया गया जिससे नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है यह डबरी नियमित पेयजल आपूर्ति के लिए वरदान साबित हो रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर की नियमित पेयजल आपूर्ति पूर्णतः कन्हर नदी पर आश्रित है अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़े में नदी के सूख जाने से हम लोगों के सामने नियमित पेयजल आपूर्ति करना मुश्किल हो रहा था मई के प्रथम पखवाड़े में तो स्थिति और खराब हो गई थी परंतु विशाल डबरी के निर्माण के बाद नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है।

सीएम के एक्शन का असर, फील्ड में नजर आने लगे अफसर

सेतगंगा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री के दौरे से अफसरों में खलबली मचा हुआ है। फील्ड पर उतर समस्याओं का निराकरण पर फोकस कर रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीते एक पखवाड़े से प्रदेश के दौरे पर है। अलग-अलग विधानसभा में जाकर वहां सरकारी योजनाओं की समीक्षा के साथ ही लोगों से चर्चा की जा रही है। आम लोगों द्वारा किसी योजना को लेकर शिकायत करने पर तत्काल एक्शन भी हो रहा है। इसका प्रमाण बीतें कुछ दिनों से लगातार सस्पेंड हो रहे अधिकारियों की संख्या बताती है। भले ही सीएम इस समय सरगुजा व बस्तर संभाग के दौरा कर रहे हैं। लेकिन उनके एक्शन का प्रभाव जिले में भी दिखाई देने लगा है। अब तब दफ्तरों से प्रशासन चलाने वाले अफ सर

कार्रवाई का डंडा चलने से बचने अब फील्ड पर नजर आने लगे है। जिन अधिकारियों ने कोरोना का बहाना बनाकर दो साल से जनता का चेहरा तक नही देखा, अब ऐसे अफ सर भी लोगों की छोटी-बड़ी समस्याओं को दूर करने में जुट गए है। जिले में बीते एक पखवाड़े से हर ब्लॉक, हर गांव व हर इलाके में कोई न कोई प्रशासनिक अमला जनसमस्याओं के निवारण के लिए पहुंच रहा है। इस बदलाव से जनता भी खुश नजर आने लगी है। जहां अपने काम के लिए उन्हें दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते थे। वहीं अफसर अब उनके क्षेत्र तक आकर काम करने में दिलचस्पी दिखाने लगे हैं।

आखिरकार ऐसी फूर्ति कब तक

हालांकि यह भी सवाल है कि ऐसी फूर्ती अफसरों की केवल सीएम के दौरे तक ही बनी रहेगी या फिर आने वाले समय में भी सरकार चुनने वाली जनता को अपने कर्मो के लिए सरकारी दफ्तरों के फेरे लगाने से आजादी मिलती रहेगी। सीएम के दौरे को लेकर जिले के अफसरों में भी खलबली मची हुई है। संभवत जून महीने में मुख्यमंत्री जिले के दौरे पर होंगे। इससे पहले सभी अफसर फील्ड पर उतर आए है। शिकायत निवारण शिविर से लेकर लोगों के पास जाकर उनकी समस्याओं का निराकरण खोजा जा रहा है। जिससे सीएम के आने पर किसी तरह की कोई शिकायत आमजन द्वारा न हो पाए। इधर सीएम के दौरे से पहले कांग्रेसजनों ने भी अपने क्षेत्रों में हलचल तेज कर दी है। लगातार अपने क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं।

अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को विभिन्न योजनाओं के तहत दी जाएगी ऋण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय निगम के सहयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग लोगों को ऋण दिया जायेगा। जिसके लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के ईच्छुक आवेदकों से 30 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय निगम के सहयोग से संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग टर्म लोन (व्यक्तिमूलक), माइक्रो फाइनेंस योजना, लक्ष्य - 02 (इकाई लागत एक लाख) के लिए लक्ष्य प्राप्त हुआ है। उक्त ऋण योजनांतर्गत जिला कलेक्टोरेट स्थित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कक्ष क्रमांक 240 में निःशुल्क आवेदन प्राप्त व जमा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक जिले का मूल निवासी व अन्य पिछड़ा वर्ग का होना चाहिए। आवेदक की उम्र 18 वर्ष से कम व 50 वर्ष से अधिक न हो। आवेदक का आय ग्रामीण क्षेत्र में 98 हजार एवं शहरी क्षेत्र में 01 लाख 20 हजार से अधिक न हो। इससे संबंधित सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया समर कैम्प का शुभारंभ

कांकेर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैम्प ''चाहतों की उड़ान'' का शुभारंभ कलेक्टर चन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा किया गया। कलेक्टर ने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से अपने छुट्टियों को आनंदमयी बनाने के साथ-साथ अपने अंदर के बाल कलाकार को एक नये आयाम देवें ताकि भविष्य में इसे याद रखा जा सके। एसपी ने कहा कि समर कैम्प का आयोजन समय-समय पर विद्यालयों में आयोजित किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके। समर कैम्प के संयोजक संजीत श्रीवास्तव ने अतिथियों के स्वागत, भाषण में समर कैम्प के प्रतिवेदन का वाचन किया। इस दौरान विद्यार्थी आर्ट एंड क्राफ्ट ड्राइंग एवं पेन्टिंग वेस्ट मटेरियल से बेस्ट चीजों का निर्माण, संगीत के अंतर्गत गायन एवं लोक नृत्य एवं वेस्टन डांस तथा कम्प्यूटर के बेसिक ज्ञान के प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। प्रशिक्षक एवं मास्टर ट्रेनर्स के रूप में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय के शिक्षकों की सेवाएं ली जाएगी। जिला प्रशासन के द्वारा समर कैम्प में विद्यार्थियों के लिए दोपहर के भोजन के साथ-साथ समर कैम्प में प्रयोग में लाई जाने वाली समस्त सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज सभी बच्चों का होगा ब्लड टेस्ट

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की और नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता के लिए त्वरित रूप से पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत लाभांवित हितग्राहियों, कुपोषित बच्चों और एनीमिक महिलाओं की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज सभी बच्चों का ब्लड टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने 07 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन वाले बच्चों को तत्काल एनआरसी केन्द्र में भर्ती करने के निर्देश दिए ताकि उसे सुपोषित किया जा सके। बैठक में उन्होंने अंतर्विभागीय समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और आपसी समन्वय स्थापित कर अंतर्विभागीय समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सुगम यातायात के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य करते समय शहर एवं ग्रामों के गली-मोहल्लों, बाजारों और मुख्य मार्गों के किनारे निर्माण सामग्रियों को भंडारित कर दी जाती है, जिसके कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

जिला चिकित्सालय में बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय स्थित 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में 26 मई को 0 से 18 के बच्चों के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां विशेषज्ञों की टीम-कार्डियोलाजिस्ट (हृदय रोग विशेषज्ञ), न्यूरोलाजिस्ट (किम्स बिलासपुर) शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, एम डी. मेडिसीन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, नाक, कान, गला, रोग विशेषज्ञ, दल चिकित्सक एवं फि जियोथेरेपिस्ट (जिला चिकित्सालय मुंगेली) आदि के द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जायेगा।

कार्यालय अधिष्ठाता

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh, ph.-07762-220741, E-mail gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक/चिकि.महा./क्रय/2022-23/5875 रायगढ़, दिनांक 21.05.2022

// संक्षिप्त निविदा सूचना //

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ विभिन्न विभागों के लिए Chemical, Kits, Reagent & Glassware Item क्रय किए जाने के संबंध में दर अनुबंध (Rate Contract) करने हेतु ई-टेंडर के माध्यम से इच्छुक फर्म/प्रदायकर्ता/ डीलर/ निर्माता कंपनी से खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा प्रपत्र शुल्क- रु. 2000/ (रु. दो हजार मात्र)

अमानत राशि (EMD) निम्नानुसार देय होगा

के नाम से	प्रस्तुत EMD का प्रकार	अमानत राशि (EMD) रु. में
Dean, Late Shri Lakhiram Agrawal Memorial Medical College, Raigarh (C.G)	Demand Draft/Chalaan	Chemical, Kit, Reagent & Glassware के लिए रु. **70,000/-**

निविदा प्रारंभ तिथि	दिनांक 25.05.2022 समय 10.00 AM से
वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in के माध्यम से ई- निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	दिनांक 08.07.2022 समय 11.59 AM के पूर्व
दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	दिनांक 08.07.2022 समय 02.00 PM के पूर्व
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 08.07.2022 समय 04.00 PM

निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcraigarh.edu.in में अवलोकन कर सकते हैं। निविदा शुल्क की राशि 2,000/- वापसी योग्य नहीं है।

जी-91448/3

अधिष्ठाता
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति,
शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

प्रथम पेज का शेष

सीएम ने माई जी को ...

सौभाग्यशाली हैं कि हमें माई दंतेश्वरी का निरंतर आशीर्वाद और उनकी छत्रछाया मिल रही है।

तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे सीएम : सीएम बास्तानार तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने बंदोबस्त दुरुस्तीकरण, गोशवारा, ऑनलाइन पोर्टल का किया अवलोकन किया। साथ ही सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा आदि के लिए शिविर लगाकर निराकरण करने के निर्देश दिए।

50 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास : भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बस्तर जिले के चित्रकोट विधानसभा के ग्राम बड़ेकिलेपाल में पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने लगभग 36 करोड़ 40 लाख रूपए की राशि के चार विकास कार्यों का लोकार्पण और लगभग 13 करोड़ 57 लाख रूपए की राशि के 500 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री के हाथों 504 विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास से चित्रकोट विधानसभी के बास्तानार तहसील के लोगों में खुशी का माहैल है।

कुम्हारों को मिलेगा...

दोहन के लिए माटीकला बोर्ड के माध्यम से ग्लेजिंग यूनिटों को प्रोत्साहित करने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। ग्लेजिंग यूनिट में लगी आधुनिक मशीनों की मदद से कुम्हार कम समय में मिट्टी की सुंदर सामग्री तैयार कर पाएंगे।

बच्चों संग सीएम ...

जी का स्केच मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के इस स्केच की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों की इस प्यारी भेंट को सहर्ष स्वीकार किया और बच्चों के साथ सेल्फी भी ली।

वन धन योजना...

अंजना बघेल ने बताया कि उनके समूह में 10 महिलाऐं हैं और वन धन योजना की वजह से लघु वनेपजों का प्रसंस्करण कर 6 माह में ही 2 लाख 50 हजार रूपए की आय हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा ...

यहां लोगों को लगातार रोजगार मिल रहा है। डेनेक्स, खेती या स्वरोजगार से लोगों के जुड़ने से नक्सली भर्ती में कमी आई है। उन्होंने कहा कि बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और अपनी जीवन शैली के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। पर्यटकों को यहां फिर से आकर्षित करने के लिए पर्यटन विकास के कार्यों पर जोर देना होगा। उन्होंने अनीमिया को खत्म करने के लिए विशेष अभियान संचालित करने की भी बात कही।

रूस पर बोले बिना...

बनाए रखने के महत्व को दोहराया। उन्होंने इंडो-पैसिफिक में विकास और यूरोप में संघर्ष पर अपना दृष्टिकोण रखा।

क्वाड समिट में चीन ...

के सामने अपने लिए एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया है। क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक रचनात्मक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जो वैश्विक 'भलाई की दिशा में काम करने वाली एक ताकत' के रूप में उसकी छवि को और मजबूत बनाएगा। मोदी ने यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस की मौजूदगी में की।

पीएम ने भारतीय ...

विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता देगी जिसमें क्वॉड के चारों देशों से 25-25 विद्यार्थी शामिल होंगे। उन्हें अमेरिका में प्रमुख एसटीईएम स्नातक विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने में मदद मिलेगी। क्वॉड फेलोशिप कार्यक्रम शुरू हो चुका है और इसमें आवेदन की प्रक्रिया 30 जून तक खुली रहेगी। इसके साथ ही फेलोशिप के तहत पहली कक्षा की शुरुआत अगले वर्ष से होगी।

भगवंत मान का भ्रष्टाचार...

जाएगा। 2015 में उन्होंने खुद दिल्ली में एक मंत्री को हटा दिया था, जब उस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।'

पूजा सिंघल केस...

त्रिवेणी चौधरी झारखंड में ही रहते हैं और कारोबार करते हैं। वे त्योहारों में मुजफ्फरपुर आते हैं। ईडी की छापेमारी टीम त्रिवेणी चौधरी के घर के अंदर है और बाहर पुलिस तैनात कर दिया गया है। किसी को भी घर के अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। परिवार के सदस्य को भी अभी तक बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। इस वजह से कार्रवाई को लेकर ठोस जानकारी नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विशाल चौधरी रांची में रहता है। विशाल रांची में वोकेशनल और टेक्निकल शिक्षण संस्थान चलाता है। उसे पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा का करीबी बताया जा रहा है। इस तरह विशाल और आईएएस पूजा सिंघल के बीच अच्छे संबंध हैं। विशाल के इंस्टिच्यूट में सीए सुमन सिंह के माध्यम से पैसा लगाए जाने की भी बात बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार विशाल के इंस्टिच्यूट में पूजा सिंघल के पैसे लगाए जाने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रांची में विशाल के ठिकाने पर छापेमारी चल रही है जहां से भारी मात्रा में रुपए बरामद किए गए हैं। ईडी इसी कनेक्शन की पड़ताल कर रही है। हालांकि, ईडी के अधिकारियों ने इस बाबात कोई सूचना नहीं दी है।

बेटे को न लगे नाजायज...

और दोनों ने शादी नहीं की थी। हालांकि उनकी मां ने अपने प्यार की निशानी अपने बच्चे को जन्म दिया और खूब लाड-प्यार से पाला। दुनियादारी में उनका बेटा नाजायज न कहलाए इसलिए मां ने झूठ बताया कि पिता की हादसे में मौत हो गई। इसका मामले का जिक्र एंथोनी ने अपनी बॉयोग्राफी में भी किया है।

मां के निधन के बाद अल्बनीज ने अपने पिता को खोजा-

मां की खातिर अल्बनीज ने उनके जिंदा रहते कभी पिता को नहीं खोजा। साल 2002 में मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने पिता से मिले। ऑस्ट्रेलिया के परिवहन और इंफास्ट्रक्चर मंत्री रहते एंथनी एक बैठक के लिए इटली गए थे। यहां पहली बार पिता से गृहनगर बैरेटा में मुलाकात हुई। पिता-पुत्र एक-दूसरे से मिलकर बेहद खुश भी हुए।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202205140400025/ अ-6/2021-22

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शीला निषाद पति स्व. सुरेश कुमार जाति ढीमर निवासी शीतलापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला शीतलापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 ए, प्लाट नं. 30/3 क्षेत्रफल 144 वर्गमीटर पक्का मकान मय हाता वार्षिक भू-भाटक 46.56 रु. एवं प्लाट नं. 30/1 क्षेत्रफल 78 वर्गमीटर कच्चा पक्का मकान वार्षिक भू भाटक 25.30 रु. सालाना सुरेश कुमार, नरेश कुमार पि. लच्छन ढीमर नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदार सुरेश कुमार पिता लच्छन की मृत्यु दिनांक 23.02.2022 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक का नाम विलोपित कर विधिक वारिस का नाम दर्ज करने इस न्यायालय में भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 17.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited

(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) - 492006
CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY
Phone :0771-6621000 Fax :0771-2583794
Website: www.csidc.in, Email address: csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER (3rd Call)

(Through e-Procurement Portal Only)

NIT No. 05/CSIDC/E.E. 1/Division-I/2022-23/100425 Raipur, dated 18/05/2022

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender for the following works :-

S. No.	Name of work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriste Class in other dep't.	Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs)	Last Date for Submission of Tender
1	Infrastructure development Work including Road, Drain, Culvert, the work under Water Supply, Streer light & Building works at Proposed New Food park Area at Gram-Farsabhar District-Jashpur (C.G)	Class-B & Above	400.58	02.06.2022

The tender document Containing detailed terms & Conditions, scope of Works and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from **23/05/2022** and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and sha1l not be published in any newspaper.

NOTE: 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG eProc Helpdesk. Operated by **Mjunction Services Limited,** they may reach Helpdesk using 18004199140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.

S.-32603/1

Executive Eagineer
Division-I

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

शाहिद कपूर ने यूरोप ट्रिप के वीडियो सोशल मीडिया पर किए शेयर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर ने शाहिद कपूर अपनी यूरोप ट्रिप से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है। शाहिद कपूर अपने दोस्तों के साथ यूरोप में बाइकिंग ट्रिप पर गए हुए हैं।शाहिद कपूर ने अपनी यूरोप ट्रिप से सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की है। वीडियो में शाहिद और ईशान खट्टर खुद को एक पतली स्ट्रीट की अपोजिट दीवारों पर बैलेंस करते हुए नजर आ रहे है। दोनों के साथ कुणाल खेमू भी ऐसा करने की कोशिश करते हैं। उनका शोर सुनकर एक महिला अपने घर की खिड़की खोलकर उनको देखती है। शाहिद उसे नोटिस करने के बाद नीचे उतर जाते हैं। शाहिद ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'सॉरी आंटी।' शाहिद के अलावा ईशान खट्टर और कुणाल खेमू आए दिन अपनी ट्रिप की फोटोज और वीडियोज शेयर करते रहते हैं।

आलिया के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'डार्लिंग्स' नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और आलिया भट्ट के प्रोडक्शन हाउस इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शन हाऊस के बैनर तले बनी फिल्म 'डार्लिंग्स' इस वर्ष नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। गौरी खान, आलिया भट्ट और गौरव वर्मा इस फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म से निर्देशक जसमीत के रीन फुल लेंथ फीचर में डेब्यू करने वाली हैं।

कृति ने फिटनेस ब्रांड 'द ट्राइब' लांच किया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने अपना फिटनेस ब्रांड 'द ट्राइब' लांच किया है। कृति सैनन ने बिजनेसवुमन के रूप में अपनी नई जर्नी की अनाउंसमेंट की है। कृति सैनन ने फिटनेस कॉम्यूनिटी में इन्वेस्ट करते हुए 'द ट्राइब' ब्रांड को लॉन्च किया है। कृति सैनन ने सोशल मीडिया पर दो फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वह जिम आउटफिट में नजर आ रही हैं। कृति के साथ उनके तीन ट्रेनर्स और को-फाउंडर रोबिन बहल, करण साहनी और अनुष्का नंदिनी नजर आ रहे हैं। कृति ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा,÷वे कहते हैं कि 'आपका वाइब आपके ट्राइब को आकर्षित करता है'। मैं हमेशा ऐसी इंसान रही हूं जो लोगों को आगे बढ़ाने में विश्वास करती है जिन पर मैं वास्तव में विश्वास करती हूं और आज ठीक उसी के लिए खड़ी हूं। कृति सैनन ने लिखा, ÷आठ साल पहले, मैंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक एक्टर के रूप में अपना सफर उन लोगों की मदद से शुरू किया, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे उड़ने के लिए पंख दिए। आज, आठ साल बाद, ठीक उसी दिन, मैं अपने तीन कमाल के को-फाउंडर्स अनुष्का नंदनी, करण साहनी और रॉबिन बहल के साथ एक एंटरप्रेन्योर के रूप में अपनी जर्नी की अनाउंसमेंट करते हुए एक्साइटेड फील कर रही हूं, क्योंकि हम अपना पैशन प्रोजेक्ट 'द ट्राइब' लॉन्च कर रहे हैं।लॉकडाउन में जब जिम बंद थे, तब रॉबिन, करण और अनुष्का ने ही फिट रहने में उनका साथ दिया था। फिट रहने के लिए आपको प्रेरणा, सही मार्गदर्शन और एक ऐसे व्यक्ति की जरूरत है जो आपकी एक्सरसाइज को मजेदार बना सके।

टाइगर श्रॉफ ने जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल पूरा किया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफने अपने जीवन का सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल पूरा किया है।

टाइगर श्राफइन दिनों अपनी आने वाली फिल्म गणपत पार्ट वन को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर ने इस फिल्म के अंतिम और सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल की शूटिंग को पूरा कर लिया है।गणपत पार्ट वन के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग को खत्म करने की जानकारी टाइगर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर दी हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, ÷बस मेरे जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण शेड्यूल को पूरा कर लिया है... ये देखने के लिए आप लोगों का इंतजार नहीं कर सकता कि क्या आ रहा है। ऽगणपत।÷

गौरतलब है कि विकास बहल के निर्देशन में बनी रही गणपत पार्ट वन में टाइगर श्राफ और कृति सैनन की मुख्य भूमिका है।इस हाई-ऑक्टेन एक्शन फिल्म का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। टाइगर श्रॉफकी यह एक्शन ड्रामा फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



अक्षय कुमार की फिल्म पृथ्वीराज के गाना 'मखमली' का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म पृथ्वीराज के गाने मखमली का टीजर रिलीज कर दिया गया है। डॉक्टर चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में बनी फिल्म पृथ्वीराज ,पृथ्वीराज चौहान के जीवन और उनके पराक्रम पर आधारित है। अक्षय फिल्म में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं मानुषी छिल्लर फिल्म में पृथ्वीराज की प्रेमिका राजकुमारी संयोगिता की भूमिका निभा रही हैं।फिल्म 'पृथ्वीराज' के नए गाने 'मखमली' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। गाने के टीजर में अक्षय-मानुषी की केमिस्ट्री देखने लायक है। अक्षय ने सोशल मीडिया पर फिल्म का यह गाना फैंस के साथ शेयर किया है। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ÷वादा, सम्मान और भक्ति। मखमली गाने के टीजर का अभी अनुभव करें और पूरा गाना केवल थिएटर में देखें। 'पृथ्वीराज' 3 जून को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। अपने नजदीकी थिएटर्स में वाईआरएफके 50 साल पूरे होने के साथ-साथ सम्राट पृथ्वीराज चौहान का भी जश्न मनाएं।÷

न्यूज गैलरी

असम के अभिजीत ने विश्व बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में बनाई जगह

नई दिल्ली (वार्ता)। असम के अभिजीत बरुआ वर्ल्ड बॉक्सिंग काउंसिल की ओर से तंज़ानिया में आयोजित होने वाली विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचने वाले राज्य के पहले पेशेवर बॉक्सर बन गये हैं। अभिजीत के विश्व चैम्पियनशिप में पहुंचने की ख़बर मिलते ही उनके गांव जोरहाट में ख़ुशी का माहौल छा गया। 69 किलो वर्ग के प्रतिभागी बरुआ ने रविवार को आरडीसी स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एशियाई बॉक्सिंग काउंसिल के ट्रायल्स में उत्तर प्रदेश के शिवम तिवारी को हराया था। 24 घंटे में नंगे पांव सबसे लंबी दूरी दौड़ने का रिकॉर्ड भी बरुआ के नाम ही है। साल 2012 में बरुआ ने 24 घंटे में 156.2 किमी नंगे पांव दौड़कर गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया था। बरुआ मार्शल आर्ट्स के विशेषज्ञ भी हैं और उन्होंने 10 अलग-अलग श्रेणियों में कई पुरस्कार जीते हैं।

वर्तमान में यूथ लाइटवेट विश्व चैंपियन राजेश कसाना लुक्का की कोचिंग में प्रशिक्षण ले रहे बरुआ का सपना है कि वह भारत के पहले पेशेवर विश्व चैंपियन बनें। इस सपने के साथ उन्होंने असम पुलिस की अपनी नौकरी छोड़कर अपना जीवन बॉक्सिंग को समर्पित कर दिया है।

विटोरी, बोरोवेक बने ऑस्ट्रेलिया के नये असिस्टेंट कोच

मेलबर्न (वार्ता)। न्यूज़ीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी और आंद्रे बोरोवेक को ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम का असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विटोरी और बोरोवेक अगले महीने होने वाले श्रीलंका दौरे से पहले अपनी ज़िम्मेदारियां संभालेंगे। इससे पहले यह ज़िम्मेदारी जेफ़वॉन और एंड्रयू मैकडॉनल्ड के पास थी। इससे पहले विटोरी रॉयल चैलेंजर्स बैंग्लोर में भी मैकडॉनल्ड के साथ काम कर चुके हैं। इसके अलावा दोनों ऑस्ट्रेलिया के ऐतिहासिक पाकिस्तान दौरे के व्हाइट बॉल मुकाबलों के दौरान भी साथ आये थे। दूसरी तरफ़ बोरोवेक पाकिस्तान में हुई टेस्ट सीरीज़ के दौरान ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम हेड कोच मैकडॉनल्ड के स्टाफ़ का हिस्सा रहे थे। अब वह श्रीलंका दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ए की कमान भी संभालेंगे।

धोनी सर की तरह अंत तक खेलना है: किरण नवगिरे

पुणे (वार्ता)। अपने व्हॉट्सऐप स्टेटस पर किरण नवगिरे ने महेंद्र सिंह धोनी के प्रति अपने अपार प्रेम को ज़ाहिर किया है। वह उन्हें क्रिकेट का भगवान मानती हैं। महाराष्ट्र की इस धाकड़ बल्लेबाज़ ने कहा , ÷मैं धोनी की तरह लंबे छक्के लगाना चाहती थी और इसी वजह से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था। देश के साथ-साथ मेरे लिए भी बहुत कुछ बदल सा गया जब धोनी ने (2011) विश्व कप जीतने के लिए वह छक्का लगाया था। 11 वर्षों बाद नवगिरे अपनी बल्लेबाज़ी के दम पर सुर्ख़ियां बटोर रही हैं। हाल ही में संपन्न हुई महिला टी20 लीग में नागालैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने सर्वाधिक 35 छक्के लगाए। इसके अलावा उन्होंने 54 चौकों की मदद से कुल 525 रन बनाए। इस दौरान वह एक टी20 मैच में 150 से अधिक का स्कोर बनाने वाली पहली भारतीय महिला भी बनी। साथ ही अपनी पार्ट टाइम ऑफ़ स्पिन से उन्होंने सात विकेट झटके।

इस प्रदर्शन के बाद वह महिला टी20 चैलेंज में अपना पहला मैच खेलने की कगार पर हैं। तीन टीमों वाली यह प्रतियोगिता अपने चौथे संस्करण में है और नवगिरे को दीप्ति शर्मा के नेतृत्व वाली वेलॉसिटी टीम में चुना गया है। एमसीए स्टेडियम पर अपने दूसरे अभ्यास सत्र के बाद कप्तान दीप्ति ने कहा, ÷मैं किरण को पहली बार नेट्स में खेलते हुए देख रही थी जब मुझे पता चला कि वह शेफ़ाली (वर्मा) की तरह एक बेहतरीन पावर हिटर हैं। अभ्यास में मैंने उन्हें ज़्यादातर समय छक्के लगाते हुए ही देखा है। जब वह बल्लेबाज़ी करती हैं तब ऐसा लगता है कि गेंद मैदान से बाहर जाकर ही गिरेगी। उनके ताक़तवर शॉट देखकर समझ नहीं आता कि यह शॉट कोई पुरुष खेल रहा है या फिर कोई महिला।

नवगिरे महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मिरे गांव में पली-बढ़ी। उनका मानना है कि अपने परिवार के साथ खेत में काम करने और बचपन में अलग-अलग खेल खेलने से उन्हें यह ताक़त मिली है। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, ÷मिरे में क्रिकेट इतना नहीं खेला जाता लेकिन सब लोग कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स खेलते हैं। मेरे पिताजी हमेशा से एथलेटिक्स को लेकर काफ़ी प्रोत्साहित करते रहे हैं और एक बार तो उन्होंने मुझे इस खेल में ज़ोर आज़माने को कहा था। मैं बचपन से ही खेल-कूद करती थी और पांचवीं कक्षा में मैंने एथलेटिक्समें हिस्सा लेना शुरू किया। नवगिरे जैवलिन थ्रो, शॉट पुट और 100 मीटर की दौड़ में भाग लेती थी।

दूसरे दिन भी गिरा शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के संकेत से विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुआ। ईसीबी की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड के ब्याज दरों में बढ़ोतरी किये जाने के संकेत से वैश्विक बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.95, जापान का निक्केई 0.94, हांगकांग का हैंगसेंग 1.75 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.41 प्रतिशत लुढ़क गया। इसके दबाव में हुई बिकवाली से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 236 अंक गिरकर 54052.61 अंक और नेशनल

स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.55 अंक उतरकर 16125.15 अंक पर रहा।

दिग्गज कंपनियों के मुकाबले बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत कमजोर होकर 22,259.55 अंक और स्मॉलकैप 1.14 प्रतिशत लुढ़ककर 25,883.85 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3430 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2267 में गिरावट जबकि 1039 में तेजी रही वहीं 124 के भाव स्थिर रहे। इसी तरह एनएसई में 32 कंपनियों में बिकवाली जबकि शेष 18 में लिवाली हुई। इस दौरान बैंकिंग और वित्त समूह की 0.13 प्रतिशत की बढ़त को छोड़क शेष 15 कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा वहीं ऑटो समूह के शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बेसिक मैटेरियल्स 1.09, एफएमसीजी 1.38, हेल्थकेयर 1.35, आईटी 1.75, यूटिलिटीज 1.70, धातु 1.32, पावर 1.64, रियल्टी 1.14 और टेक समूह के शेयर 1.64 प्रतिशत लुढ़के।

एशिया कप : बांग्लादेश ने ओमान को 2-1 से हराया

जकार्ता (वार्ता)। बांग्लादेश ने मंगलवार को पूल-बी के अपने दूसरे मुक़ाबले में ओमान को 2-1 से शिकस्त देते हुए हीरो एशिया कप की अपनी पहली जीत दर्ज की।

जीबीके एरिना में एक दिन पहले आयोजित मुक़ाबले में बांग्लादेश को कोरिया के हाथों 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

मंगलवार के मुकाबले में बांग्लादेश ने अपने कोच गोबीनाथ कृष्णमूर्ति की योजनाओं पर विश्वास जताते हुए अपनी ओर आए सभी मौकों को भुनाया। मैच के छठे मिनट में अशरफुल इस्लाम ने पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए बांग्लादेश के लिये पहला गोल किया।

17वें मिनट में ओमान के रशद अल फज़्री ने फील्ड गोल करते हुए मैच को 1-

1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। ओमान को मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर मिले, मगर वह एक का भी फायदा नहीं उठा पाई जिससे उनकी जीत की संभावना बुरी तरह प्रभावित हुई। बांग्लादेश ने अच्छा खेल दिखाते हुए मैच के 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से एक और गोल किया और मोहम्मद राकिबुल की मदद से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली, जो मैच समाप्त होने तक नहीं बदली।

जॉनसन एंड जॉनसन विजन का नया अभियान

नई दिल्ली (वार्ता)। जॉनसन एंड जॉनसन प्राइवेट लिमिटेड की कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन विजन इंडिया ने अपना नया अभियान शुरू किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि देखते रह जाओगे नाम से शुरू किया गया यह अभियान कंपनी के लेंस का इस्तेमाल करने वालों पर आधारित है। इससे युवा पीढ़ी और मिलेनियल दर्शकों को आगे बढ़ते रहने और कोशिश जारी रखने का हौसला मिलता है। कंपनी के विजन केयर इंडिया के बिजनेस यूनिट निदेशक टाइनी सेनगुप्ता ने कहा ÷जॉनसन एंड जॉनसन विजन में हमारा उद्देश्य भारत के युवाओं को कॉन्टैक्ट लेंस के जरिये दुनिया को देखने का हिम्मत भरा नया नजरिया देना है, जो उनकी शख्सियत के हरेक पहलू को पूरा बनाता है। यह देखकर हमें खुशी होती है कि ये लेंस हमारे उपभोक्ताओं की जिंदगी के हिस्से बन गए हैं।

एनएनईएफकी जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा के साथ साझेदारी

नई दिल्ली (वार्ता)। नोवो नोर्डिस्कि एज्युबकेशन फाउंडेशन (एनएनईएफ) ने आज गवर्नमेंट इंस्टिट्यूट ऑफमेडिकल साइंसेस (जीआईएमएस), ग्रेटर नोएडा की साझेदारी में टाइप एक डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिये एक सेंटर फॉर एक्सीलेंस (सीओई) शुरू किया।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह नया केन्द्र टाइप 1 डायबिटीज के उपचार की गुणवत्ता को सुधारने में सहायक होगा और इस क्षेत्र में टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के लिये इंसुलिन की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। भारत में टाइप 1 डायबिटीज से पीड़ित वंचित बच्चों के उपचार के लिये इंसुलिन समान रूप से सुलभ नहीं हो पाता है, जिससे उनका स्वास्थ्य कमजोर हो जाता है। यह सीओई ऐसे बच्चों को निःशुल्क उपचार देने और सरकार से जुड़ने का एक प्रयास है, ताकि इंसुलिन की आपूर्ति तक पहुँच बेहतर और स्थायी हो सके।

नोवो नोर्डिस्की एज्युनकेशन फाउंडेशन के मैनेजिंग ट्रस्टी विक्रांत श्रोत्रिय ने कहा ÷हम डायबिटीज के बेहतर उपचार सुलभता बढ़ाने की अपनी रणनीति के हिस्से के तौर पर अपने नये सेंटर ऑफएक्सीरलेंस के लॉन्च की घोषणा करते हुए प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। इस प्रयास में साथ देने के लिये हम जीआईएमएस के आभारी हैं।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में तेल विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया जिससे ईंधन के दाम स्थिर बने हुए हैं। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है।

केंद्र सरकार ने शनिवार को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार घट-बढ़ जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 112.83 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.46 प्रतिशत गिरकर 109.78 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

ओलंपिक | यह कार्यक्रम शिक्षा और खेल की दोहरी शक्तियों को साथ जोड़ता है

देश में ओलंपिक आंदोलन और मजबूत होगा: नीता अंबानी

मुंबई (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्य नीता अंबानी ने मंगलवार को कहा कि देश में ओलंपिक आंदोलन को और मज़बूत किया जाएगा।

श्रीमती अंबानी ने ओडिशा में आईओसी द्वारा भारत के पहले 'ओलंपिक मूल्य शिक्षा कार्यक्रम'(ओवीईपी) के लॉन्च पर कहा कि ओलंपिक की मूल भावना के अनुरूप यह कार्यक्रम शिक्षा और खेल की दोहरी शक्तियों को साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक समिति ने यह शिक्षा कार्यक्रम युवाओं को उत्कृष्टता, सम्मान और दोस्ती के ओलंपिक मूल्यों से परिचित कराने के लिए तैयार किया है। मूल्य-आधारित इस पाठ्यक्रम को

मुंबई में प्रस्तावित आईओसी 2023 सत्र से पहले शुरू किया जा रहा है।

श्रीमती अंबानी ने इस शिक्षा कार्यक्रम के बारे में कहा,÷ भारत महान अवसरों और अनंत संभावनाओं का देश है। हमारे स्कूलों में 25 करोड़ से अधिक बच्चे हैं, जिनमें प्रतिभा और क्षमता है। वे कल के चैंपियन हैं, हमारे देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा,÷ दुनिया में बहुत कम बच्चे ही ओलंपियन बन पाते हैं, लेकिन हर बच्चे को ओलंपिक के आदर्शों से अवगत कराया जा सकता है। यही ओवीईपी का मिशन है और यही इसे भारत के लिए एक बड़ा अवसर बनाता है। ऐसे में जब हम अगले साल मुंबई में आईओसी सत्र 2023 की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं, मैं आशा करती हूं कि देश में ओलंपिक आंदोलन और मजबूत होगा। ओवीईपी को ओडिशा की स्कूली शिक्षा प्रणाली में एकीकृत किया जाएगा। कार्यक्रम को स्कूल और जन शिक्षा विभाग, उड़ीसा सरकार और अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट की साझेदारी में विकसित किया जा रहा है। श्रीमती अंबानी ने भारत के ओलंपिक सपने के समर्थन और ज़मीनी स्तर पर विकास के लिए उड़ीसा सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा,÷श्री नवीन पटनायक के दूरदर्शी नेतृत्व में ओडिशा, भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं का केंद्र बन गया है। राज्य सक्रिय रूप से खेल के लिए एक समग्र इकोसिस्टम बना रहा है, जो हमारे युवा एथलीटों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा। ओवीईपी-आधारित परियोजनाएं और गतिविधियां, खराब जीवन शैली, एकाग्रता की कमी और किशोरों के स्कूल छोड़ने जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में मदद करती हैं। प्रोग्राम के संसाधनों और टूलकिट को ऐसे डिजाइन किया गया है कि युवा, शारीरिक गतिविधि का आनंद लेने के साथ मानसिक शक्ति भी हासिल करें। कार्यक्रम का लक्ष्य, पहले वर्ष में भुवनेश्वर और राउरकेला के 90 स्कूलों में नामांकित 32,000 बच्चों तक पहुंचना है और एक बार पूरी तरह शुरू होने के बाद, इसे लगभग 70 लाख बच्चों तक पहुंचाया जाएगा।

बैंक ऑफइंडिया का तिमाही शुद्ध लाभ 606 करोड़ पर दोगुना

मुंबई (वार्ता)। सरकारी क्षेत्र के बैंक ऑफइंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को बताया कि शुद्ध ब्याज आय में बढ़ोतरी और ऋणों की वसूली में सुधार की बदौलत 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उसे 606 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 250 करोड़ रुपये था। बैंक ने एक बयान में कहा कि जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 35.77 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,986 करोड़ रुपये रही जो वित्त वर्ष 2020-21 में इसी दौरान यह आंकड़ा 2,936 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक का शुद्ध लाभ 57.60 प्रतिशत उछलकर 3,405 करोड़ रुपये रहा जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 2,160 करोड़ रुपये था। पूरे वित्त वर्ष के दौरान एनआईआई 14,062 करोड़ रुपये रही जो वित्त वर्ष 2020-21 में 14,269 करोड़ रुपये थी। बीओआई ने बताया कि मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में बैंक का सकल अवरुद्ध ऋण (एनपीए) 19.33 प्रतिशत घटकर 45,605 करोड़ रुपये रहा जो मार्च 2021 को 56,535 करोड़ रुपये था जबकि वित्त वर्ष 2021-22 में कुल एनपीए 19.66 प्रतिशत गिरकर 9,852 करोड़ रुपये रहा जो 31 मार्च 2021 को 12,262 करोड़ रुपये था।

जंगलों का निकाल रहे जनाजा, थीनिंग के नाम पर उजाड़ रहे हसदेव की सागौन नर्सरी

लाई, अमृतधारा और राधारमण नगर के जंगलों से हो रहा अवैध रेत परिवहन

■ अवैध कटाई के सबूत मिटाने अब ठूठ के लिए भी थिनिंग प्रक्रिया शुरू

यशवंत रजवाड़े

कोरिया /मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। बिहारपुर वन परिक्षेत्र में बायो डायवर्सिटी से जुड़े कार्य हो या फिर नरवा निर्माण, बीहड़ों के कंटूर की बात हो, या फिर जंगलों की अवैध कटाई का मुद्दा हो, सबके झोलझाल की अंदरूनी बात किसी से छुपी नहीं है। बिहारपुर वन परिक्षेत्र में जिस तरह लैंटाना उन्मूलन के नाम भारी भरकम राशि का गड़बड़ झाला किया गया, वन मार्गों के नाम जारी बड़े-बड़े आबंटन और उस पर गुणवत्ता विहीन निर्माण बिहारपुर रेंज में साधारण तौर पर देखा जा सकता है। मिट्टी, मुरूम, गिट्टी के नाम सिर्फ जंगली रोड़ा और साइड की मिट्टी से बनती सड़क सीधी तौर पर मोटे माल मलाई का खेल बना हुआ है।

सागौन की अवैध कटाई छुपाने कराया जा रहा है थीनिंग

हसदेव नर्सरी के बेशकीमती सफेद चंदन के वृक्ष दिनों-दिन तेजी से खत्म होते जा रहे हैं। वर्षों से अपनी हरियाली से राहगीरों का मन मोह लेने वाले हसदेव नर्सरी की सुंदरता को भी नजर लग चुकी है। नागपुर से मनेंद्रगढ़ राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रं-43 के किनारे से लगे करीब 2 से 3 किमी से ज्यादा के क्षेत्र में फैले सागौन के जंगल को थीनिंग के नाम पर काटा जा रहा है। पहले चंदन के पेड़ भी इसी तरह साफ किए गए अब सागौन के तैयार वृक्ष। मीडिया में जब मनेंद्रगढ़ के जंगलों की असलियत सुर्खियां बनने लगी तो आनन फानन में जंगल के नुमाइंदों ने सागौन की अवैध कटाई के ठूठ के सबूत मिटाने के लिए थिनिंग प्रक्रिया शुरू करा दी। जानकारी के लिए बता दें कि थीनिंग का मतलब घनत्व वाले अविकसित और टेढ़े-मेढ़े पेड़ों की कटाई कार्य; जिसके बाद बचे पेड़ों को विकसित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। हसदेव नर्सरी में थीनिंग प्रक्रिया को गलत तरीके से किया गया है। एक तरफ से पूरे जंगल की सफाई कर दी गई है। लगातार विकसित होने वाले सागौन वृक्षों को भी थिनिंग के नाम बेदर्दी से काटा जा रहा है। यह जानकर हैरानी होगी कि जिस सागौन नर्सरी में थीनिंग कार्य जारी है उसके पीछे की नर्सरी के बड़े हिस्से में अवैध कटाई के बड़े -बड़े सबूत हैं। बिहारपुर रेंज के प्रभारी रेंजर और डिप्टी रेंजर शंखमुनी पांडेय सारी गतिविधियों पर आंखें मूंदे हुए हैं। लकड़ी काटने वाले मजदूरों को दिहाड़ी तीन सौ रुपए दिए जा रहे हैं जबकि जंगल की ज्यादातर कटाई घन मीटर के अनुसार भुगतान की जाती है। हसदेव सागौन नर्सरी में लगातार थिनिंग से सागौन के बीहड़ों के बीचों-बीच बचे चंदन वृक्ष पूरी तरह असुरक्षित हो चुके हैं। उन्हे राह चलते भी देखा जा सकता है। साथ ही सड़क के किनारे की पूरी फेंसिंग भी उजाड़ दी जा चुकी है।

बायो डायवर्सिटी पार्क अमृतधारा के कार्यों में बड़ी अनियमितता,,

कई महीनों से जैव विविधता के मद्देनजर उद्यान विकसित करने की प्रक्रिया शुरू है जहां कई हेक्टेयर वन भूमि को संरक्षित कर उस वन भूमि की फेंसिंग कराई जा रही है।जिस कार्य के दौरान वहां पर कई कार्य कराए जाने हैं।सूत्रों की माने तो बिहारपुर रेंज के बीहड़ों में जिस तरह गायब हज़ारों कंटूर के नाम राशि आहरित कर ली गई है उसी तरह इस पार्क में भी कई ऐसे कार्य नहीं किए गए हैं जिनकी राशि पहले ही निकाल ली गई है। जिसकी पारदर्शिता पूर्वक जांच की जाए तो चाह वह तितली पार्क हो या फिर बायो डायवर्सिटी पार्क सभी के घालमेल सामने आ जाएंगे।

अवैध रेत का कारोबार अपनी चरम सीमा पर

कुछ महीनों से बिहारपुर रेंज के जंगलों से अवैध कोयले की बड़ी खेप निकल रही है। घुटरा से गरूडोल के बीच स्थित जंगल और महाराजपुर सहित राधारमण नगर के पश्चिमी क्षेत्र के अवैध कोयला खदान में इसके सबूत मौजूद है। नदियों की बात करें तो पर्यटन स्थल अमृत धारा से रोज कई ट्रैक्टर और बनिया नदी सहित अक्ला सरई और सोनहरी गांव के जंगली नदियों से भारी पैमाने पर अवैध रेत का कारोबार अपनी चरम सीमा पर है। कुछ महीनों पूर्व बिहारपुर वन परिक्षेत्र का जंगल अपनी सुरक्षा की चाक चौबंद के लिए हमेशा सचेत दिखता रहा है लेकिन बीते चार छह महीने से बिहारपुर रेंज के जंगलों में गलत गतिविधियां हो रही हैं।

वनमार्ग निर्माण की राशि का बंदरबांट

घुटरा से गरुडोल करीब 5 से 7 किलोमीटर का जंगली सड़क (वनमार्ग) जिसे प्राक्लन अनुसार डब्ल्यूबीएम कार्य द्वारा बनाया जाना था लेकिन इस सड़क पर मिट्टी की मोटी परत डालकर सड़क बना दी गई है। दो चार जगह जंगली रोड़ा डाला गया है बाकी बची सारी सड़क पर सिर्फ मिट्टी ही डाली गई है। मुरूम तो एक गाड़ी देखने को नहीं मिलेगी निर्माणाधीन सड़क पर फिर भी प्रभारी अधिकारी कार्य की राशि आहरण कर लिए। जिससे अब इस वनमार्ग मे भी शासकीय राशि के बंदरबाट होने की आशंका हैं ।

पेड़ों की कटाई की नहीं है जानकारी

हसदेव नर्सरी पर चल रहे थीनिग वर्क के संबंध में जो प्लांटेशन कितने वर्ष पुराना हैं जहां पेड़ों की कटाई की जा रही उसकी जानकारी नहीं है। साथ ही ठेकेदारी प्रथा से मजदूर लगाये जाने की जानकारी संज्ञान में नही है। आप के माध्यम से जानकारी हुई है इस संबंध में स्थल पर जाकर जांच के बाद ही स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

मनोज विश्वकर्मा, उप वन मंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ वन मंडल

सिलगेर से सुकमा पदयात्रा और जन सभा को जिला प्रशासन ने नहीं दी मंजूरी

सुकमा/नवप्रदेश। कांग्रेस सत्ता के तीन वर्षो के कार्यकाल में सरकार ने तरह तरह के प्रयोग कर जनप्रतिनिधियों के साथ साथ आम जनता की आवाज को दबाने का लगातार असफल प्रयास किया है। 23 मई को सुकमा प्रेस क्लब के प्रेस वार्ता में सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद कर सीपीआई नेता मनीष कुंजाम ने कहा की सरकार के काले कानूनों से हम डरने वाले नहीं हैं। और अपने आदिवासियों की हक के लड़ाई में अगर जेल भी जाना पड़ जाये तो हमे इस बात का कोई पछतावा नहीं होगा। पूर्व विधायक ने एक बार फि र सक्रियता के साथ सरकार के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाते हुए प्रेसवार्ता के दौरान आदिवासी महासभा के आह्वान पर आज 25 मई से सिलगेर से सुकमा तक 11 दिनों का पैदल मार्च को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी पिछला विधानसभा चुनाव जीतने के लिए जितने वादे की थी। सरकार में आने के बाद उन वादों को पूरा करने में असफ ल रहा। जनता से किए वादों के खिलाफ जाकर काम कर रही। पेसा कानून गांव व जिला क्षेत्र को स्व-शासन देने की बात कहता है लेकिन ग्राम सभा के सहमति के बगैर निजी हो या सरकारी कोई कार्य नहीं किया जा सकता। इस पर नियम बनाकर प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग को लेकर आदिवासी समाज व अनेक संगठनों ने पूरजोर आंदोलन किया था। लेकिन समाज व अन्य प्रगतिशील तबके का समर्थन पाने के लिए कांग्रेस पार्टी अपने चुनावी घोषणा पत्र में इसे प्रमुख मुद्दा बनाया था। पेसा कानून 1997 से अपने आप लागू है। इसके बावजूद गौण खनिज जैसे मुरुम, गिट्टी, ग्रेनाईट, टीन, संगमरगर आदि के लीज बड़े सेटों को इस कानून को दरकिनार कर धड़ल्ले से दिया जा रहा है। जबकि कानून में ग्राम सभा को इन खनिजों का मालिक बनाया गया है। वैसे ही जगह-जगह पुलिस व फ ोर्स के कैम्प खोले जा रहे। इसके विरोध में साल भर से सिलगेर सहित अनेक गांवों में शांतिपूर्वक आंदोलन चल रहा है। सरकार इन लड़ाईयों को बिल्कुल नजर अंदाज कर रही है। शायद यह सोचकर की चुनाव में कोई खास फ र्क नहीं पड़ने वाला। सरकार ड्रोन से हवाई हमला कर लोगों में डर व भय का माहौल निर्मित कर रही है। क्षेत्रीय ग्रामीण आदिवासियों पर इस तरह का हवाई हमला सरकार की जनता के प्रति क्रूरता को दर्शाता हैं। इस पर रोक लगनी चाहिए।

27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया प्रदर्शन

कांकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेश भर के जिला मुख्यालयों में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कांकेर में भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, सुमित्रा मारकोले, भरत मटियारा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला संगठन प्रभारी देवेंद्र जायसवाल की उपस्थिति तथा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिन्हा के नेतृत्व में धरना, प्रदर्शन किया गया। धरना को संबोधित करते हुए सतीश लाटिया ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। इन्होंने सत्ता में आने से पहले पिछड़ा वर्ग को उनके संवैधानिक अधिकार के तहत उचित आरक्षण देने का वादा किया था परंतु सत्ता मिलने के बाद भुपेश बघेल सरकार अपने वादे से पलट गई। पिछड़ों को उनका अधिकार देने के बजाय इन्होंने अपने ही लोगों से हाई कोर्ट में पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ याचिका लगवा कर पिछड़ों को उनके हक से वंचित कर दिया। पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने भी कहा कि हम पिछड़े वर्ग की मांगों का समर्थन करते है और उनकी 27 प्रतिशत आरक्षण की जो मांग है उसे राज्य की कांग्रेस सरकार को देना ही होगा।

27 को रोजगार मेला

विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

रायगढ़/नवप्रदेश। निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 27 मई 2022 को प्रातः 10:30 बजे से स्थान-जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें कुल 36 पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। प्लेसमेंट कैम्प में जिन नियोजकों के माध्यम से जिन पदों पर भर्ती की जानी है। इनमें मे.जनमित्रम कल्याण समिति, बड़े अतरमुड़ा रायगढ़ में लाईवलीहुड सपोर्ट अस्टिटेंट में 10 पद, मे.आईकोनिक कम्प्यूटर इन फ्रंट ऑफ डीजीएमएस आफिस रायगढ़ में कम्प्यूटर फेकल्टी में 5 पद, सीसीटीव्ही टेक्नीशियन टीचर में 2 पद, मे.शारदा कंस्ट्रक्शन गौशाला रोड खरसिया में एकाउंटिंग असिस्टेंट के 2 पद, एकांउटिंग एक्जीक्यूटिव के एक पद, आफिस असिस्टेंट के एक पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर 1 पद, सुपरवाईजर 5 पद एवं सिविल इंजीनियर में 5 पद रिक्त है। इसी तरह मे.श्री बालाजी एजेंसी लक्ष्मी हाईट्स के पास छाबड़ा, सेल्स के सामने ढिमरापुर रायगढ़ में कम्प्यूटर ऑपरेटर में एक पद, सेल्समेन में एक पद एवं हेल्फर में 2 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

'झीरम श्रद्धांजलि दिवस' आज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में हर साल की तरह इस साल भी 25 मई को 'झीरम श्रद्धांजलि दिवस' मनाया जाएगा। इस दिन सभी शासकीय और अर्द्ध शासकीय कार्यालयों में नक्सल हिंसा और झीरम घाटी के शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया जाएगा और राज्य को पुनः शान्ति का टापू बनाने का संकल्प लिया जाएगा। इस दिन छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य मे अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा को बनाए रखते हुए सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ लेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य सरकार के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षो तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाईयों-बहनों की स्मृति में राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 25 मई को 'झीरम श्रद्धान्जलि दिवस' के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

गृह मंत्री साहू आज रतनपुर भ्रमण पर

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोक निर्माण एवं पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू आज 25 मई रतनपुर भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री साहू हिल इको रिसोर्ट कुरदर से सबेरे 11 बजे रवाना होकर दोपहर 12.30 बजे रतनपुर पहुंचेंगे। रतनपुर में महामाया मंदिर का दर्शन करने के बाद जिला पर्यटन समिति तथा मंदिर समिति एवं विभागीय अधिकारियों से चर्चा तथा पर्यटन विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

विधायक ने किया सड़क निर्माण का भूमिपूजन, पूरी हुई ग्रामीणों की मांग

राजनांदगांव। खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने छुरिया क्षेत्र के ग्राम पैरिटोला-भेजराटोला-खोभा मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सोमवार की शाम आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि भी इस अवसर पर मौजूद थे। ग्राम पैरिटोला-भेजराटोला-खोभा के बीच 5.30 किमी लंबे सड़क निर्माण कार्य की छत्तीसगढ़ शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। क्षेत्रवासी लंबे समय से इस सड़क निर्माण की मांग रख रहे थे। ग्रामीणों की मांग और आवाजाही में समस्या को देखते हुए विधायक ने सड़क निर्माण को लेकर प्रयास किए और अब जाकर इसके निर्माण के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई है। विधायक ने यहां पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि, ग्रामीणों की मांग पूरी हो चुकी है। जल्द ही यहां एक बेहतर आवाजाही के लिए गुणवत्ता युक्त सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा। इस निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सुनिश्चित किया जाए कि यह निर्माण समय पर पूरा हो और गुणवत्ता में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक का धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

सड़क निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राहुल तिवारी, जिला कांग्रेस महामंत्री विपिन यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष नेहरू साहू, जिला महामंत्री चुम्मन साहू, जनपद सदस्य कन्हैया कोले, विधायक प्रतिनिधि एकनाथ सिन्हा, महामंत्री विजय साहू, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रिका वर्मा, अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष कमलेश यादव, महामंत्री अमित अग्रवाल, मदन नेताम, जोशी लाल साहू समाज सेवी, ईश्वर साहू, कलीराम चंद्रवंशी, सरपंच संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, गोपालपुर सरपंच भक्तु राम, जोधि लाल साहू, केजऊ कोर्रा, सुरेश सोरी, वासु ठाकुर, जितेंद्र मंडावी, राजकुमार साहू, रामदास मनिकपुरी, प्रेमलाल साहू, प्रीतम साहू, चतुर सिंग, लखनलाल ठाकुर, ईश्वरदास जनक, लाल उमराव चंद्रवंशी, शंकर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।